नई दिल्ली
रविवार, 28 अप्रैल, 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 28, अंक : 17
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




09 तीरंदाजी वर्ल्ड कप : ज्योति की स्वर्णिम हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड वर्ग में जीते पांच पदक


Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

श्रेष्ठ परिणाम हर बार, लगातार
JEE (MAIN) 2024

Karnataka Topper — 1st — AIR 34 — All India Female Topper — 100 PERCENTILE OVERALL — Sanvi Jain, 4 Yr. Classroom
Telangana Topper — AIR 15 — 100 PERCENTILE OVERALL — M. Sai Divya Teja Reddy, 2 Yr. Classroom
Telangana Topper — AIR 19 — 100 PERCENTILE OVERALL — Rishi Shekher Shukla, 2 Yr. Classroom
Punjab Topper — AIR 25 — 100 Percentile in Phy. & Maths — 100 PERCENTILE OVERALL — Rachit Aggarwal, 4 Yr. Classroom
AIR 65 — 100 Percentile in Phy. & Chem. — 99.99 PERCENTILE — Sri Ram A, 2 Yr. Classroom
AIR 72 — 100 Percentile in Phy. & Maths — 99.99 PERCENTILE — Krishna Sai Shishir Vuppala, 4 Yr. Classroom
AIR 81 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Agrim Bhanot, 2 Yr. Classroom

सभी रैंक की जांच करने के लिए कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।

13485#
(12527 क्लासरूम + 958 डिस्टेंस व डिजिटल)
#Still Counting
आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (Adv.) 2024 के लिए
1293 99 व इससे अधिक पर्सेन्टाइल
9 टॉप 100 AIR में
52 टॉप 500 AIR में
*1 out of 3 Aakashians gets a Top College
*As per count of total Aakashians appeared in JEE 2024

हमारे क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स

AIR 104 — 100 Percentile in Maths — 99.99 PERCENTILE — Rudra V Vuppuluri, 4 Yr. Classroom
AIR 106 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Sagarika Sinha, 2 Yr. Classroom
AIR 139 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Viswanath K S, 4 Yr. Classroom
AIR 162 — 100 Percentile in Maths — 99.99 PERCENTILE — Shreshtha Gupta, 4 Yr. Classroom
AIR 171 — 100 Percentile in Chemistry — 99.99 PERCENTILE — Naqsh Imam, 2 Yr. Classroom
AIR 175 — 99.99 PERCENTILE — Priyanshu Kumar, 4 Yr. Classroom
AIR 177 — 100 Percentile in Maths — 99.99 PERCENTILE — Hardik Aggarwal, 2 Yr. Classroom
AIR 223 — 100 Percentile in Maths — 99.99 PERCENTILE — Ayush Pandey, 2 Yr. Classroom
AIR 228 — 100 Percentile in Maths — 99.99 PERCENTILE — Gorang Rathi, 2 Yr. Classroom
AIR 243 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Ujjawal, 4 Yr. Classroom
AIR 254 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Soukarya B, 4 Yr. Classroom
AIR 266 — 100 Percentile in Physics — 99.98 PERCENTILE — Rishit Mittal, 3 Yr. Classroom
AIR 268 — 99.98 PERCENTILE — Rithvik Perumalla, 2 Yr. Classroom
AIR 274 — 100 Percentile in Physics — 99.98 PERCENTILE — Anshul Choudhary, 2 Yr. Classroom
AIR 292 — 100 Percentile in Chemistry — 99.98 PERCENTILE — Durva Daga, 2 Yr. Classroom
AIR 314 — 100 Percentile in Maths — 99.98 PERCENTILE — Manuj, 2 Yr. Classroom
AIR 316 — 100 Percentile in Physics — 99.98 PERCENTILE — Samvit Shandilya, 2 Yr. Classroom
AIR 317 — 99.98 PERCENTILE — Raghav Agarwal, 4 Yr. Classroom
and many more...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

प्रवेश प्रारम्भ

कक्षा 8वीं–10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
School Boards / Olympiads / NTSE

कक्षा 10वीं से 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए
2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

आज ही प्रवेश लें!
बैचेस शुरू हो चुके हैं।

रिपीटर / ड्रॉपर बैचेस
JEE / NEET 2025 (कक्षा 12वीं की परीक्षा दे चुके / उत्तीर्ण छात्रों के लिए)

iACST
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।
90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें
नि:शुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएं या दिए गए कोड को स्कैन करें।
*नियम व शर्तें लागू

32 Branches in Delhi / NCR

Call Your Nearest Branch: Janakpuri (Med. Wing): 8800013110, 9289723822, 7428399931 Janakpuri (Engg. & Fdn. Wing): 8800013017, 9319690348, 9350497647 Dwarka: 8800013019, 9205781715, 9205781716 Faridabad: 8800013022 NIT Faridabad: 8800729482 Model Town: 8800522353, 9560197324 Preet Vihar: 8800909325, 011-44469831 / 32 Punjabi Bagh: 8800901554, 9560197322 South Ex (Med. Wing): 8800013111 South Ex (Engg. Wing): 8800015936 South Ex (Fdn. Wing): 8800013018 Gurugram (Sector-14): 8800840109, 9958064196 Gurugram (Sector-49): 8800845034, 9289514345 Greater Noida: 8800013024 Greater Noida West: 8800187908 Noida (Sector-18): 8800013020 Noida (Sector-62): 8800013021 Najafgarh: 8800735460, 9311992032, 8448389729 Pitampura (Med. Wing): 8800473922, 9311272550 Pitampura (Engg. Wing): 8800710382, 9560292026 East Patel Nagar: 8447299285/386, 8383911979 Rohini: 8800945728, 9289647512 Vasant Kunj: 8800185967 Jasola Vihar: 8800189035, 9599187524 Sonipat: 8800898137, 9289054590, 9289738918 Palwal: 8800013038 Rewari: 9053008274, 9053008275 Narnaul: 8800013042, 9599289824, 9599289826 Bhiwadi: 8800956127, 9289339729 Bahadurgarh: 8800901820, 9311992031, 9289031693 Ghaziabad: 8826050181, 8826050187 Bulandshahr: 7428293980, 8800902549

नजदीकी ब्रांच की जानकारी के लिए कोड को स्कैन करें

CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727
VISIT: aakash.ac.in
For Franchise Enquiry: Email ID: franchise@aesl.in
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

### क्राइम ब्रांच ने रैकेट में शामिल नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

# एयरफोर्स से रिटायर्ड होकर पहले बना टीचर, फिर नशे का व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ड्रग रैकेट में शामिल एक नाबालिग समेत तीन लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 50 किलो गांजा, एक ऑटो और 50 हजार रुपए कैश बरामद हुआ हैं। दो आरोपियों का नाम कमलेश और सुजीत बताये गये हैं। कमले प्रयागराज यूपी का रहने वाला है। वह एयरफोर्स से रिटायर्ड है। इसके बाद उसने पीएचडी की और कई कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी के तौर पर पढ़ाया। लेकिन ज्यादा पैसे के लालच में वह ड्रग्स के धंधे में शामिल हो गया।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक इनपूट मिला था नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जहांगीरपुरी ऑटो के जरिये गांजा ले जाया जा रहा है। पुलिस टीम ने मुकुंदपुर, बुराडी में ट्रैप लगाया और संदिग्ध ऑटो को रुकवा लिया। उसमें तीन लोग सवार थे। इनकी पहचान सुजीत कुमार और कमलेश कुमार के तौर पर हुई। ऑटो की तलाशी लेने पर दो सूटकेस में गांजा मिला। कमलेश ने पूछताछ में बताया कि उसने बरहामपुर उड़ीसा के दिबाकर उर्फ उदिवा से मादक पदार्थ खरीदा था। वह दिल्ली और उडीसा से जुड़ी ड्रग्स तस्करी चेन की सबसे प्रमुख कड़ी है। कमलेश ट्रेन के जरिए ड्रग्स की खेप उड़ीसा से दिल्ली लाता था। पकड़े जाने से बचने के लिए वह अपना एक्स सर्विस मैन और गेस्ट टीचर का कार्ड भी साथ रखता था। वहीं आरोपी सुजीत ने बताया कि गांजे की खेप का एक हिस्सा मुखर्जी नगर और मौरिस नगर में बेचा जाता था। गांजे के छोटे छोटे पैकेट 70 से 100 रुपए में बिकते है। इस धंधे में सुजीत का बहनोई वीरेन्द्र भी शामिल है। इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड कमलेश है।

**खास बात**

- मुखर्जी नगर और मौरिस नगर में छात्रों को परोसते थे नशे की खेप



### विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी पुलिस ने जालसाज को किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आर्थिक अपराध शाखा ने फर्जी जॉब रैकेट का पर्दाफाश कर एक महिला सरगना को पंजाब के जिरकपुर से अरेस्ट किया है। आरोपी महिला का नाम दीपिका (परिवर्तित नाम) बताया गया है। पुलिस से बचने के लिये वह लगातार बठिंडा से दिल्ली और फिर चंडीगढ़ तक कई ठिकाने बदल चुकी थी। डीसीपी विक्रम के पोरवाल ने बताया कि दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडू सहित पूरे देश के 23 पीड़ितों से एक संयुक्त शिकायत मिली थी। इसके बाद 29 नेपाली नागरिकों से भी एक संयुक्त शिकायत मिली, जिसमें एक महिला द्वारा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। आरोपी महिला का नाम दीपिका बताया गया, जिसने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से कनाड़ा में जॉब दिलाने के बहाने लोगों को ठगा था। इस तरह से चार से पांच करोड़ रूपए की चीटिंग की गई। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर धोखाधड़ी सम्बंधी धाराओं में केस दर्ज किया। शुरुआती जांच में पता चला कि करीब डेढ़ सौ लोग नौकरी के बहाने ठगे गए है। पुलिस ने आरोपी महिला के बारे में जानकारी जुटा उसे पंजाब के जिरकपुर से पकड़ा। इसके घर से 2 लैपटॉप, 10 से अधिक मोबाइल फोन और तीन पासपोर्ट के साथ अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपी ने बताया कि लोगों को जाल में फंसाने के लिए बाकायदा ऑफिस खोलती थी। वहां पर टेली कॉलर्स को नौकरी पर रखा जाता था।

## मंडोली गांव की इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में शनिवार को एक इमारत में आग लग गई। दमकल विभाग की दो गाडियां मौके पर पहुंची और कुछ ही देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत ये रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि आग पहली मंजिल पर लगी थी। वहां कुछ ज्वलनशील पदार्थ और पटाखे रखे हुए थे। इस मामले को लेकर पुलिस अब एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि आग की यह घटना मंडोली गांव स्थित एक मस्जिद के पास हुई। दिन में पौने 12 बजे पुलिस को सूचना मिली। यह बिल्डिंग अजीजुल्ला (52) नामक शख्स की पता चली है। वह वर्तमान में पत्नी का घुटना बदलवाने के लिए सफदरजंग अस्पताल में था। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। पहली मंजिल इब्राहिम नाम के व्यक्ति को किराए पर दी गई थी। जहां कुछ ज्वलनशील पदार्थ और पटाखे रखे हुए थे। जबकि ग्राउंड फ्लोर पर एल्युमीनियम के बर्तन बनाने की छोटी सी फैक्ट्री है।

### दिल्ली में थ्री-डी स्क्रीन पर दिखेंगे विज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली नगर निगम का कामकाज यदि ठीक चलता रहा तो आने वाले दिनों में दिल्ली के मॉल, बड़े बाजारों में विदेशों में चलने वाले थ्री-डी स्क्रीन पर चलने वाले विज्ञापन देखने को मिल सकते हैं। दिल्ली नगर निगम का विज्ञापन विभाग इस दिशा में कार्य कर रहा है और निगम सदन से इसकी मंजूरी मिली तो विज्ञापन विभाग पहले से अधिक राजस्व अर्जित कर सकेगा। विज्ञापन विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि वर्तमान में जिस तरफ से जीवन डिजिटल की तरफ बढ़ रहा है और लोग भी इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं, इसे देखते हुए इस तरह की नीति बनाई जा रही है जहां मॉल्स जैसी जगहों पर इस थ्री-डी विज्ञापन स्क्रीन को लगाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसका आकार करीब 500 वर्ग फुट तय किया गया है ताकि विज्ञापन जीवंत लगे।

## लाजपत राय मार्केट में युवक की गला रेतकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी जिले के कोतवाली थाना इलाके में स्थित लाजपत राय मार्के में शनिवार दोपहर एक 20 से 25 वर्षीय युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हत्या गला काटकर की गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब सवा 12 बजे वारदात की सूचना मिली। पुलिस चांदनी चौक ओल्ड लाजपत राय मार्केट की एक दुकान की छत पर पहुंची। युवक की लाश खून से लथपथ हालत में पाई गई। उसके गले और सिर पर कई कटे के निशान थे। पुलिस का कहना है कि पत्थरों से भी युवक के सिर पर कई वार किये जाने का अंदेशा है। पुलिस आसपास के दुकानदारों से पूछताछ कर युवक की पहचान का प्रयास कर रही है।

### ईडी के समन की अनदेखी करने के मामले में 'आप' विधायक अमानतुल्ला खान को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अनदेखी करने के लिए एजेंसी द्वारा दायर किए गए एक मुकदमे में शनिवार को जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने अदालत में पेश होने के बाद खान को 15,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा कर दिया। ईडी ने खान पर दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में शामिल होने के लिए उसके समक्ष पेश नहीं होने का आरोप लगाते हुए अदालत का रुख किया था। ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक साइमन बेंजामिन ने आरोप लगाया कि खान के एजेंसी के सामने पेश नहीं होने के कारण वह कभी भी उसके खिलाफ जांच पूरी नहीं कर पाई। ईडी ने कथित तौर रूप से खान के अनुरोध पर ओखला इलाके में 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद को लेकर धनशोधन का मामला दर्ज किया था। खान इसी क्षेत्र से विधायक भी हैं। ईडी ने इस मामले में चार आरोपियों और एक कंपनी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वक्फ बोर्ड की 100 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अवैध रूप से पट्टे पर दे दिया गया। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में संविदा पर 32 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई और उन्होंने नियुक्ति के दौरान नियमों का उल्लंघन किया।

### हत्या के प्रयास का आरोपी अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मयूर विहार में हत्या की कोशिश के मामले में वांछित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट किया है। इसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। आरोपी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इलाके में आतंक फैलाना चाहता था। इसका मकसद लड़कियों की नजरों में हीरो बनना भी था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आये आरोपी का नाम मृत्युंजय है। इसे गाजीपुर बस स्टैंड के पास से जाल बिछाकर पकड़ा गया है। 21 वर्षीय आरोपी डीडीए जनता फ्लैट्स चिल्ला गांव, त्रिलोकपुरी का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि 17 अप्रैल को अशोक निवासी त्रिलोकपुरी ने एक लड़के को पीटकर उसका वीडियो बनाया था। बाद में उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था। अशोक ने अन्य लड़कों को धमकी दी थी कि गलती जीभ की होती हैं पर भुगतना दांतों को पड़ता है। इसके बाद इलाके के लोगों ने अशोक को बुरी तरह से पीटा था। इस पिटाई के कारण उसकी मौत हो गई। मयूर विहार थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था। मृतक अशोक पर हमले की घटना के दौरान त्रिलोकपुरी निवासी समीर और सोहेल नाम के दो लड़के भी मौके पर मौजूद थे। इन्हें मुखबिरी के संदेह में आरोपी मृत्युंजय और उसके अन्य साथियों ने पीटा और चाकू मार घायल कर दिया था। इस घटना को लेकर भी मयूर विहार थाने में हत्या की कोशिश और धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# एमसीडी स्कूल की छात्रा के चेहरे पर आए टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- कराया जा रहा था स्कूल में कार्य, शीशा लगने से हुई चोटिल

दिल्ली नगर निगम द्वारा स्कूलों में पुस्तके, कापी, बैग व अन्य लेखन सामग्री नहीं देने पर पहले ही निगमायुक्त पर हाईकोर्ट की फटकार पड़ रही है। वहीं, अब दिल्ली नगर निगम की एक छात्रा के चेहरे पर चोंट से टांके लगने का मामला सामना आया है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत एक निगम स्कूल में एक छात्रा से अन्य कार्य कराया जा रहा था जिसके चलते अलमारी का शीशा टूटकर छात्रा के चेहरे पर जा लगा और उस छात्रा का नाक व गाल कट गया और करीब एक दर्जन टांके आए हुए हैं। गनीमत यह रही है कि शीशा छात्रा की आंख पर नहीं लगा। वहीं, बताया गया कि स्कूल प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को इलाज के लिए कोई पर्चा भी नहीं दिया। वहीं, एमसीडी प्रशासन का कहना है कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल को सुरक्षा ऑडिट करने के लिए कहा गया है।

वहीं, इस घटना को लेकर एमसीडी के जनसंपर्क विभाग ने जानकारी दी है कि घटना की जांच की गई है। प्रिंसिपल के कमरे की अलमारी नहीं हटायी जा रही थी बल्कि लाइब्रेरी के बुक शेल्फ से किताब निकालते वक्त बुक शेल्फ में लगी कांच गिर गई और छात्रा को उससे चोट लग गई। तत्काल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया और उसका इलाज करवाया गया। छात्रा कुशल है और वह आज विद्यालय भी आयी थी। छात्रा के परिजन भी त्वरित इलाज करवाने पर संतुष्ट हैं। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल को सुरक्षा ऑडिट करने के लिए कहा गया है।

### सड़क के बीच कुर्सी डालकर बनायी रील, पुलिस ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रील का भूत लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे में कई बार नियम कानून को भी ताक पर रखने से लोग बाज नहीं आ रहे। पुलिस भी ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। एक नये मामले में बीच सड़क कुर्सी और बाइक लगाकर वीडियो शूट करने वाले पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। आरोपी की पहचान न्यू उस्मानपुर निवासी विपिन कुमार (26) के तौर पर हुई है। इसके खिलाफ शास्त्री पार्क थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार आरोपी के खिलाफ मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी शख्स ने सोशल मीडिया पर फेम पाने के मकसद से इंस्टा रील बनाने का अपराध किया था। इसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इसके साथ ही उसके इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक करने की कार्यवाही भी शुरु कर दी गई है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें एक व्यक्ति रील बनाने के लिए दूसरों की जान खतरे में डालकर खतरनाक स्टंट कर रहा था। वीडियो की पुष्टि करने पर एक व्यक्ति को मेन रोड के बीच में एक कुर्सी पर बैठा देखा गया और उसके बगल में उसकी बाइक खड़ी थी। वह यातायात को बाधित कर रहा था। वीडियो पर संज्ञान लेकर पुलिस ने बाइक के जरिए उसके मालिक का पता लगाया और उसकी पहचान होने के बाद इसे पकड़ लिया गया।

**गुमशुदा लड़के की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** जुनैद **पुत्रः** Lt. श्री अजमत, **निवासीः** मकान नंबर 147, एफ– ब्लाक, गली नंबर 03, जनता मजदूर कालोनी, वेलकम, दिल्ली, **उम्रः** 23 साल, **कदः** 5 फुट 3 इंच, **रंगः** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** काले रंग की शर्ट व नीले रंग की पैंट एवं पैरों में काले व सफेद रंग के जूते पहने हुए है, दिनांक 09.05.2023 को समय करीब 07.00 बजे शाम को अपने घर थाना अन्तर्गत वेलकम, दिल्ली से लापता हो गया है।

इस संदर्भ में **DD No. 62 A Dated 20.04.2024** थाना वेलकम, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना–वेलकम, दिल्ली
फोनः 011-22828277, 8750870731

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
दूरभाष : 011-24368638, 9667341024

DP/4917/NE/2024

## 'जश्न-ए-मतदानः दक्षिणी दिल्ली में लोकतंत्र का उत्सव'

# अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें दिल्ली के मतदाता : सीईओ

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

मतदान के माध्यम से राष्ट्र के लिए योगदान देने और 25 मई 2024 को लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली के मतदाता मतदान करें। दक्षिणी दिल्ली में कुतुब मीनार परिसर में जश्न-ए-मतदान कार्यक्रम में लोकतंत्र का भव्य जश्न मनाने के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने दिल्ली के मतदाता से यह आग्रह किया। दक्षिणी दिल्ली जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतदाता शिक्षा और भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिणी दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी मेकला चैतन्य प्रसाद और पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली के सीईओ पी कृष्णमूर्ति ने सभी मतदाताओं को चुनाव में भाग लेने और वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कम मतदान प्रतिशत का एक कारण शहरी उदासीनता है।



#### हर एक वोट के महत्व पर शक्तिशाली संदेश दिए

जश्न-ए-मतदान कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भरा हुआ था, जिसमें मतदाता साक्षरता पर केंद्रित एक नाटक भी शामिल था, जिसने हर एक वोट के महत्व पर शक्तिशाली संदेश दिए। इसके अतिरिक्त, उपस्थित लोगों ने "मैं भारत हूं" की प्रेरक धुन पर एक जीवंत सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन का आनंद लिया, जो दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, प्रतिष्ठित कुतुब मीनार पर प्रदर्शित एक शानदार लेजर लाइट शो था। यह कार्यक्रम न केवल आंखों को सुकून देने वाला था, बल्कि इसमें नागरिकों से आगामी चुनावों में भाग लेने का आग्रह करने वाले प्रभावशाली संदेश भी थे।

### हेरिटेज संरक्षण को लेकर गोयल ने सभी मुख्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को लिखी चिट्ठी

पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा हेरिटेज इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय गोयल ने मुख्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को चिट्ठी लिख हेरिटेज संरक्षण को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने का आग्रह किया है। गोयल ने कहा कि दिल्ली समेत पूरे देश में हेरिटेज संरक्षण हेतु जल्द-से-जल्द एक व्यापक योजना बनाने की जरूरत है, अन्यथा हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमेशा के लिए खो देंगे। गोयल ने कहा कि भारत के पास एक समृद्ध धरोहर रही है जो पुरातात्विक संपत्तियों और आश्चर्यजनक स्मारकों का भंडार है। वे सभ्यता की एक अद्वितीय विरासत का प्रतिनिधित्व करती हैं और इसलिये निर्मित धरोहर के संरक्षण को आमतौर पर समाज के दीर्घकालिक हित में माना जाता है।

## डीयू एनसीसी कैडेट्स ने युवाओं को लोकसभा चुनाव के लिए किया प्रेरित




दिल्ली विश्वविद्यालय के अलीपुर स्थित 6 डीबीएन के एनसीसी कैडेटों ने कॉलेज प्राचार्य प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान प्रोफेसर प्रवीण गर्ग, कमांडिनफ अधिकारी आरपी दहिया, एसएम राजेश और एएनओ लेफ्टिनेंट मुकेश राणा भी उपस्थित रहे। जैसे ही पूरे भारत में आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, समर्पित कैडेटों ने "चुनाव का पर्व, देश का गर्व", "आपका वोट, आपकी आवाज" जैसे नारों के माध्यम से भारत के युवाओं को प्रेरित किया। प्रो. प्रवीन गर्ग ने कहा कि कई नए वयस्क मतदाता पहली बार अपने वोट का उपयोग करके चुनाव में योगदान देने के लिए उत्साहित हुए। पिछले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं के घटते प्रतिशत पर चिंता व्यक्त की गई थी - इसलिए मतदान प्रतिशत में रिकॉर्ड तोड़ने और नए रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कैडेटों द्वारा प्रत्येक के वोट के महत्व को मजबूत करते हुए स्थानीय लोगों के बीच एक रैली आयोजित की गई। चुनाव और मतदान प्रक्रिया के बारे में शंकाओं को संबोधित करने और समाधान करने सहित कॉलेज परिसर के अंदर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया था। लेफ्टिनेंट मुकेश राणा के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रियाओं, मतदान तिथियों के बारे में जानकारी वितरित करना और छात्रों और स्थानीय निवासियों के बीच मतदान के महत्व के बारे में जानकारी वितरित करना था। ज्ञान प्रदान करके और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देकर, अभियान ने अधिक व्यस्त और सूचित मतदाताओं के निर्माण में योगदान दिया, जिससे भारत में लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई।

### राजनीतिक दल चुनाव आयोग को अपना घोषणा पत्र जमा कराए : फोरम

दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के संगठन "फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने लोकसभा चुनाव -2024 में हरेक राजनीतिक दल का चुनावी घोषणा पत्र चुनाव आयोग में जमा कराने की मांग की है और कहा है कि चुनाव जीतकर शासन में आने पर चुनावी घोषणा में जनता से किए गए वायदे को पूरा न करने पर उस पार्टी की मान्यता समाप्त कर दी जानी चाहिए।

### कार से चुराये थे 18 करोड़ के हीरे के आभूषण, ठक ठक गैंग के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विकासपुरी में कार से 18 करोड़ के हीरे के आभूषण चोरी करने वाले ठक ठक गैंग के दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। इनके नाम दीपक और दीपक उर्फ आरडीएक्स बताये गये हैं। दोनों अंबेड़कर नगर और नेबसराय इलाके के घोषित अपराधी हैं। पुलिस ने इनके पास से लगभग एक करोड़ कीमत के गहनें बरामद कर लिये हैं।

एडिशनल सीपी संजय कुमार सेन के अनुसार दीपक चोरी के 20 और दूसरा आरोपी हत्या की कोशिश, छीना झपटी समेत 37 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इन्होंने सितंबर 2022 में एक कार से 18 करोड़ मूल्य के आभूषणों की चोरी की थी। इस घटना को लेकर विकासपुरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम को इस वारदात में शामिल आरोपियों के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद बत्रा अस्पताल, संगम विहार के पास से मदनगीर निवासी दीपक (32) को पकड़ा गया। इसने पूछताछ में अपने सहयोगी के बारे में जानकारी दी। बाद में खानपुर निवासी दीपक उर्फ आरडीएक्स को भी दबोच लिया गया। इसने हीरे के आभूषण अपने घर के पास खंडहर में छिपाकर रखे थे। इसी की निशानदेही पर पांच नेकलेस, दो मंगलसूत्र, दो कंगन, एक जोड़ी कान की बालियां, एक चूड़ी बरामद हुई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त दीपक, पुत्र सुरेश कुमार, निवासी जेड–9, वेलकम दिल्ली ने **FIR NO.341/2011 U/s 382/411/34 IPC,** थाना सीमापुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त दीपक मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त दीपक फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **FIR NO.341/2011 U/s 382/411/34 IPC,** थाना सीमापुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त दीपक से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**ऐश्वर्या सिंह कश्यप**
महानगर दण्डाधिकारी–06
कमरा नं–25, प्रथम तल
शाहदरा,कड़कड़डूमा, न्यायालय, दिल्ली

DP/4729/SHD/2024

नई दिल्ली
रविवार, अप्रैल 28, 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 28, अंक : 17
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



मैकगुर्क ने 27 गेंद में ठोके 84 रन
09 दिल्ली की मुंबई पर शानदार जीत

## 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम व 12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

# 5 मई को भगवान केदारनाथ की ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में होगी पूजा, 9 मई की शाम को पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंचेगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे।

पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट खुलने की तिथि तय की। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की पांच मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा होगी। पंचमुखी डोली छह मई केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। यह डोली नौ मई की शाम केदारनाथ धाम पहुंचेगी। केदारनाथ भारत के उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मंडल के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित एक नगर है। यह ज़िले के मुख्यालय, रुद्रप्रयाग से 86 किमी दूर है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण पांडवों के पौत्र महाराजा जन्मेजय ने कराया था। यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग अति प्राचीन है। आदि शंकराचार्य ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। अभी तक यह मंदिर नवंबर महीने के आस-पास बंद हो जाता है और छह महीने बाद अर्थात वैशाखी के बाद खुलता है।

### छह महीने के लिए बंद रहता है यह मंदिर


इसका निर्माण पांडवों के पौत्र महाराजा जन्मेजय ने कराया था



### गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे अक्षय तृतीया पर



*चमोली जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 12 मई (रविवार) को प्रातः 6 बजे खुलेंगे। चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड का प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसके साथ ही चारधाम की यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। वहीं माना जा रहा है कि गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया के अवसर पर खोले जा सकते हैं। हालाकि , अभी इसकी घोषणा नहीं की गई है। बता दें कि हर साल लाखों की संख्या में भक्त केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए आते हैं। साथ ही उत्तराखंड स्थित चार धाम यानि केदारनाथ, बदरीनाथ गंगोत्री, यमुनोत्री के दर्शन करते हैं।*







## कोल्हापुर में पीएम मोदी ने विपक्ष और इंडी गठबंधन पर किया 'करारा प्रहार'

# कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए

**याकूब मेनन की कब्र को संवारने वाले लोगों से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं**

पीएम ने कहा कि कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब कहा जाता है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद भाजपा और एनडीए 2-0 से आगे चल रहे हैं।



एजेंसी ▶▶ कोल्हापुर

**तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोल्हापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब जानते हैं मैं काशी का सांसद हूं और काशी आया हूं, ये मेरा सौभाग्य है। कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब कहा जाता है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद भाजपा और एनडीए 2-0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के साथ गठबंधन किया



### गठबंधन 5 साल में 4 प्रधानमंत्री बनाएगा, ये देश सहन नहीं करेगा

पीएम मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वाले कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए कानून रद्द कर देंगे। जिन लोगों के तीन अंकों में सीट जीतने के लाले पड़े हों, ये इंडी अलायंस वाले सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं क्या? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री... ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। याकूब मेनन की कब्र को संवारने वाले लोगों से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

### राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा

मोदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जबकि, अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरुद्ध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है... तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में मौजूद रहे।

### धारा 370 बहाल करना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को अहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विपक्ष का एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ

पीएम ने कहा कि कांग्रेस की काफी करीबी डीएमके पार्टी डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करते हैं, उन्हें इंडी अलायंस ने महाराष्ट्र में आमंत्रित किया है और उनका यहां स्वागत किया जाता है। इंडी अलायंस वोट बैंक की राजनीति में इतना नीचे गिर गया है कि उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## शाह के 'जनाजे' वाले बयान पर दिग्विजय बोले

# वे मेरी अर्थी निकालना चाहते हैं,मेरे पास कंधों की कमी नहीं

◆ क्योंकि, मैं आप सबकी चिंता करता हूं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर पलटवार किया है।

जिसमें उन्होंने सिंह के लिए कहा था- आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले। दिग्विजय ने कहा- मुझ पर अमित शाह की इतनी कृपा रही और उनका मेरे प्रति इतना प्रेम है कि वो आए और मेरा जनाजा निकालने की बात कह गए। यानी, मेरी अर्थी भाजपा के नेता निकालना चाहते हैं। और क्यों? क्योंकि, मैं आप सबकी चिंता करता हूं। मेरे पास कंधों की कमी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के कंधों पर मेरा जनाजा और शव नहीं जाएगा। मेरे पास कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की अपार संख्या ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### निकम को मौका, पूनम महाजन का टिकट कटा



**मुंबई।** मुंबई आतंकी हमले में एकमात्र जिंदा पकड़े गए आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाले विशेष सरकारी वकील रहे वकील उज्ज्वल निकम अब भाजपा की तरफ से मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने पूनम महाजन का टिकट काट दिया है। बता दें कि उज्ज्वल निकम को साल 2016 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

### मुंबई लोकल ट्रेन की जगह वंदे भारत मेट्रो



**नई दिल्ली।** मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा जिससे मुंबई के दैनिक यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब-करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा।

## एक बार फिर घायल हुईं सीएम ममता बेनर्जी

# हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त फिसला पैर और गिर गईं

मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए दौड़े



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह गिर गईं। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए भागे। गिरने के कारण ममता को मामूली चोटें आईं है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ममता कई बार चोटिल हो चुकी हैं। हाल ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

## शख्स की पहचान आयोग की सूची में फीमेल की

# चुनाव आयोग ने की गलती तो मैक्सी पहनकर वोट डालने पहुंच गया शख्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार (26 अप्रैल) को संपन्न हुआ। इस दौरान केरल के कोल्लम लोकसभा क्षेत्र में एक अजीबोगरीब घटना घटी।

यहां एलपी सरकारी स्कूल में एक पुरुष वोटर महिला की पोशाक में वोट डालने पहुंच गया, जिसे देखकर वहां मौजूद वोटर्स आश्चर्यचकित रह गए। सबकी नजर उस शख्स पर ही अटक गई। राजेंद्र प्रसाद नाम के शख्स की पहचान चुनाव आयोग की मतदाता सूची में फीमेल कैटेगरी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में जमीन धंसी

# घरों में पड़ी दरारें, बिजली टॉवर और सड़कें भी टूटीं

एजेंसी ▶▶ रामबन



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर पेरनोट गांव में जमीनों के धंसने से इलाके में बड़ा खतरा हो गया है। जमीन धंसने से 50 से अधिक घरों पर इसका प्रभाव पड़ा है। चार बिजली टावर, एक रिसीविंग स्टेशन और एक मुख्य सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई। दो दिन पहले पेरनोट गांव में अचानक जमीन धंसने के बाद घरों में दरारें आने लगी थीं। सड़क संपर्क टूटने से कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को विवश होना पड़ा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# कद्दू और साबुन के डिब्बों में रखी मिली 8.4 करोड़ की हेरोइन



### असम राइफल्स और पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

*आइजोल। मिजोरम की राजधानी आइजोल में म्यांमार के तमू शहर के निवासी वनबियाख्निंग से 8.4 करोड़ की 1.2 किलो हेरोइन जब्त की। असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस की संयुक्त टीम ने आइजोल के तुइकुआल उत्तरी इलाके में छापेमारी की और 49 साल के एक शख्स को स्मगलिंग के आरोप में गिरफ्तार किया ।*

## भारत को सशक्त बनाने वाले हैं विकल्प


# नमो एप पर अनूठा... 'अमृत पीढ़ी के सपने' मॉड्यूल लॉन्च

**आज के फैसले भारत के कल को बनाएंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक नमो ऐप पर 'अमृत पीढ़ी के सपने' नाम के एक नए मॉड्यूल को लॉन्च किया गया है।

यह एक ऐसा मॉड्यूल है, जहां आप भारत को सशक्त बनाने वाले विकल्पों को चुन सकते हैं। हमारे आज के फैसले भारत के कल को बनाएंगे। भावी पीढ़ियों के लिए विकसित भारत 2047 की कल्पना में शामिल होने के लिए इस मॉड्यूल में आप यह निर्धारित कर सकते हैं कि एक राष्ट्र के तौर पर हमारे लिए क्या श्रेष्ठ है और क्या नहीं। यह मॉड्यूल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत के भावी पीढ़ियों को एक उज्ज्वल भविष्य देने की प्रतिबद्धताओं को एक अनूठे स्वरूप में प्रदर्शित करता है। यह ▶▶ शेष पेज 5 पर




### आज के निर्णय कल को आकार देंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे आज के निर्णय, हमारे आने वाले कल को आकार देंगे। आइये, हम 'अमृत काल' में एक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करें- यह वो कालखंड है, जो हमारे युवाओं की आकांक्षाओं और हमारे राष्ट्र के भविष्य को परिभाषित करेगी।

## एनसीबी ने 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की ड्रग जब्त की

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का ऑपरेशन प्रयोगशाला-1

# नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का किया भंडाफोड़, कार्रवाई में 7 लोग किए गए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ऑपरेशन प्रयोगशाला-1 के तहत की गई कार्रवाई में गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की ड्रग जब्त की हैं। एनसीबी के मुताबिक, इस ऑपरेशन में गुजरात और राजस्थान में तीन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है। एनसीबी ने बताया कि इस मामले में अभी भी छापेमारी की जा रही है। रात भर चले इस मल्टीस्टेट ऑपरेशन में अब तक कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन, 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया है। इस मामले में सात लोग लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी ने मामले में कार्रवाई करते हुए सरगना की भी पहचान कर ली है।

**149 किलो मेफेड्रोन, 50 किलो एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त**



### दो माह पहले मिली थी एटीएस को सूचना

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने इस मामले पर कहा कि करीब दो महीने पहले एटीएस को सूचना मिली थी कि दो लोग नशीला पदार्थ बनाने के लिए कहीं से कच्चा माल मंगा रहे हैं। वहीं, इस सूचना पर एनसीबी और एटीएस ने संयुक्त तौर पर चार जगहों पर छापेमारी की और कुल 230 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए। मालूम हो कि मेफेड्रोन को 'म्याऊ म्याऊ' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक सिंथेटिक उत्तेजक और मनोदैहिक पदार्थ है जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। इसके सेवन से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और लत और प्रतिकूल मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।


## खबर संक्षेप

### पुलिस कमिश्नर ने बचाई युवक की जान



**फरीदाबाद।** सड़क हादसों में घायलों की मदद करने के लिए पुलिस जागरूकता अभियान चलाती है। पुलिस आयुक्त राकेश आर्य ने अपना काफिला रोककर एक घायल की मदद की। रात करीब 11 बजे पुलिस आयुक्त बल्लभगढ़ से सेक्टर-21 पुलिस आयुक्त कार्यालय की तरफ आ रहे थे। ओल्ड मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा था।

### गाजियाबाद में चाय के गोदाम में लगी आग



**गाजियाबाद।** मेरठ रोड पर गुलधर के पास चाय के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की पांच से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। गोदाम गुडरिक ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूटर का है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि गाजियाबाद में आए दिन आग लगने की घटनाएं प्रकाश में आ रही है।

### गुरुग्राम लोस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पर सस्पेंस

**गुरुग्राम।** कांग्रेस में गुरुग्राम लोकसभा सीट पर टिकट का विवाद नहीं सुलझ पाया है। प्रत्याशी के चयन को लेकर यहां पेंच ऐसा फंसा है कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा बनाई गई उच्चस्तरीय कमेटी भी प्रत्याशी पर सहमति नहीं बना पाई है। गुरुवार को हरियाणा में गुरुग्राम को छोड़कर बाकी आठ लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई।

### शक्ति फाउंडेशन द्वारा नेत्र जांच शिविर



**फरीदाबाद।** शक्ति फाउंडेशन द्वारा गांव फतेहपुर चंदीला चौपाल पर एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे के दौरान लोगों ने बताया कि आंखों का शिविर होना जरूरी है। लोगों की आंखों में बहुत दिक्कत आ रही थी। इसलिए फाउंडेशन की सीनियर अधिकारी आशु अरोड़ा व टीम के सदस्य निमित चंदीला, सूबे सिंह चंदीला के सहयोग से जांच शिविर लगाया।

### चोरी के दो मामलों में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** ऑपरेशन आक्रमण में पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को काबू कर बाइक व मोबाइल बरामद किया है। आरोपी का नाम हर्षवर्धन उर्फ रिंकू है। पल्ला थाना में चोरी के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था उसने एक मोबाइल फोन चोरी किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया है।

---

# आज नमो भारत के संचालन में हुआ बदलाव, मुरादनगर मोदीनगर साउथ व नार्थ स्टेशनों के बीच नहीं चलेगी ट्रेन

**साहिबाबाद से सिर्फ दुहाई डिपो के बीच उपलब्ध रहेगी**

**मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नार्थ के बीच नमो भारत ट्रेन की सेवा उपलब्ध नहीं रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि सिस्टम अपग्रेडेशन के कारण नमो भारत ट्रेन को रविवार को सिर्फ साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच चलाया जाएगा। सोमवार से ट्रेन की सेवाएं साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक पहले की तरह सुचारू रहेंगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रविवार को ट्रेन की सेवाएं साहिबाबाद से सिर्फ दुहाई डिपो के बीच उपलब्ध रहेंगी। मुरादनगर, मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नार्थ के बीच नमो भारत ट्रेन की सेवा उपलब्ध नहीं रहेगी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि सिस्टम अपग्रेडेशन के कारण नमो भारत ट्रेन को रविवार को सिर्फ साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच चलाया जाएगा। सोमवार से ट्रेन की सेवाएं साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक पहले की तरह सुचारू रहेंगी।

**सोमवार से ट्रेन की सेवाएं साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक पहले की तरह सुचारू रहेंगी**



**पश्चिम यूपी लाइफलाइन नमो भारत ट्रेन**

नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्तूबर 2023 को साहिबाबाद से देश की इस पहली नमो भारत ट्रेन के प्राथमिकता खंड पर संचालन का शुभारंभ किया था। दूसरे चरण में इसका संचालन दुहाई से मेरठ साउथ स्टेशन तक 25 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जाना था। मेरठ साउथ स्टेशन अभी तक संचालन के लिए तैयार नहीं हो पाया है।

---

ओल्ड फरीदाबाद के कारखाना बाग में हुआ गुर्जर का स्वागत, कहा-

# फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बना, नए रूप में किया विकसित, बिछाया सड़कों का जाल

**कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि देशभर में औद्योगिक नगरी के नाम से विख्यात फरीदाबाद जिले को कांग्रेस सरकार ने फकीराबाद बना दिया था। गुर्जर ने कहा कि दस सालों के दौरान इस जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया, हाईवे पर बने फ्लाईओवरों के चलते घंटों का सफर मिनटों में तय होता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि देशभर में औद्योगिक नगरी के नाम से विख्यात फरीदाबाद जिले को कांग्रेस सरकार ने फकीराबाद बना दिया था, उसे पिछले दस सालों में भाजपा सरकार में स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाकर नए रुप में विकसित किया गया, इस शहर में सुंदर सड़कें, स्मार्ट फ्लाईओवर्स बनाए गए, जलनिकासी के उचित इंतजामात किए गए और यहां के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता से जो वायदे किए उन्हें पूरा किया और न केवल देश सुरक्षित रखा बल्कि देशवासियों को भी सुरक्षित रखा।

गुर्जर ओल्ड फरीदाबाद के कारखाना बाग में विकास अग्रवाल उर्फ विक्की द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कृष्णपाल गुर्जर का शहर के गणमान्य लोगों ने पगड़ी बांधकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से भाजपा लोकसभा संयोजक अजय गौड़ मौजूद थे।

### घंटो का सफर अब मिनटों में हो रहा तय



गुर्जर ने फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए कहा कि दस सालों के दौरान इस जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया, हाईवे पर बने फ्लाईओवरों के चलते घण्टों का सफर मिनटों में तय होता है, बाईपास रोड का कार्य जब पूरा हो जाएगा तो एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश जाने में लोगों कुछ घंटों का ही समय लगेगा। उन्होंने कहा कि जब जिले की कनेक्टिवटी बेहतर हो जाएगी तो यहां विकास के पंख स्वयं ही लग जाएंगे, इसलिए दस सालों में फरीदाबाद की कनेक्टिवटी को बेहतर बनाया गया। उन्होंने कहा कि मंझावली पुल, जेवर एयरपोर्ट हाईवे सहित ऐसी अनेकों योजनाएं जिन्हें पूरा होने के बाद फरीदाबाद जिले विकास के मामले में न केवल हरियाणा बल्कि देश का सबसे अव्वल जिला बनकर उभरेगा।

### कांग्रेसी समर्थकों ने कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को दी बधाई



हरियाणा के पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप को कांग्रेस पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्हें बधाईयां व शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। इसी कड़ी में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने समर्थकों सहित सैनिक कालोनी उनके निवास पर पहुंचकर महेंद्र प्रताप को फूलों का बुके भेंटकर उम्मीदवार बनाए जाने पर उनका स्वागत किया। बलजीत कौशिक ने कहा कि महेंद्र प्रताप हरियाणा की राजनीति के बड़े नेता है और कांग्रेस पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाकर जन भावनाओं के अनुरुप फैसला लिया है, क्योंकि उनका राजनैतिक अनुभव और उनकी दूरगामी सोच कांग्रेस पार्टी को फायदा पहुंचाएगी और वह भारी मतों से इस चुनाव को जीतकर नया कीर्तिमान रचेंगे। कौशिक ने कहा कि महेंद्र प्रताप को उम्मीदवार बनाने के बाद जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें विजयी बनाने में जुट गया है। भाजपा सरकार ने दस सालों में महंगाई और भ्रष्टाचार फैलाकर लोगों को लूटने का काम किया है, अब जनता इन झूठों के बहकावे में नहीं आएगी। कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप को भारी मतों से विजयी बना देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भेजेगी। इस मौके पर कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को कांग्रेस उम्मीदवार मानकर चुनावी रण में जुट जाए ताकि इस सीट को विजयी बनाकर कांग्रेस पार्टी की झोली में डाला जा सके। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, राजा सैनी, सचिन सैनी, अश्वनी कौशिक, अनुज शर्मा एडवोकेट, प्रीतम प्रधान, सरला भमौत्रा, सुनीता फागना जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, रतनलाल सैनी, रोहित सैनी, गुलाब सिंह दहिया, बिल्लू यादव, केडी शर्मा, राममेहर गोयल, अर्जुन, रणधीर फागना, जयंत कौशिक, राजकुमार, लाडो देवी, अजय बहल सहित गणमान्य मौजूद थे।

---

भौंकने की वजह से दिया वारदात को अंजाम

# इंसानियत शर्मसार, श्वान के चार बच्चों को जिंदा जलाया

**दंपती को डर था कि बच्चे बड़े होकर उनके लिए खतरा बन सकते हैं, इसलिए जलाया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अंकुर विहार थाना क्षेत्र के हयात एन्क्लेव कॉलोनी में पति-पत्नी ने श्वान के चार बच्चों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। तीन बच्चों की मौके पर मौत हो गई। चौथा बच्चा भी बुरी तरह झुलस गया। इस मामले में थाने में तहरीर दी गई है।

पुलिस ने चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हयात एन्क्लेव कॉलोनी की कहकशा ने बताया कि कुछ दिन पहले पास के एक खाली प्लॉट में मादा श्वान ने चार बच्चों को जन्म दिया था। पड़ोस में रहने वाले दंपती श्वान के बच्चों के साथ मारपीट करते थे। विरोध करने पर उन्होंने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह चोटिल हो गई।

### चीखते रहे श्वान के बच्चे

रात 10 बजे हयात एन्क्लेव कॉलोनी में दंपती ने पेट्रोल डालकर चार बच्चों को आग लगा दी। आग लगाने पर बच्चे भोंकते रहे लेकिन उन्हें रहम नहीं आया। आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंची। उन्होंने आग को किसी तरह बुझाया। तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वह एक बच्चे का उपचार करा रही हैं। इस मामले में थाने में तहरीर दी गई है।

### आरोपी नशे का करते हैं कारोबार

आरोपी दंपती नशे का कारोबार करते हैं। उनके पास ग्राहक नशीला पदार्थ खरीदने आते हैं तो श्वान व उसके बच्चे भौंकते हैं। आरोपियों का डर था कि बच्चे बड़े होकर उनके लिए खतरा बन सकते हैं। आरोपियों का काला कारोबार बंद हो सकता था। जिस वजह से उन्होंने रात को बच्चों को जलाकर मार दिया। तीनों बच्चों के शव को उन्होंने दफना दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

---

खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं

# पूर्व प्रधान के भतीजे ने एसीपी कार्यालय के बाहर खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) लोनी कार्यालय के सामने शनिवार युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी है कि पुलिस पर खनन माफिया के खिलाफ करवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

पुलिस में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एसीपी लोनी के कार्यालय के सामने एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या को प्रयास किया। युवक की तबियत बिगड़ गई।



पुलिस ने तत्काल ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रदीप बंसल के चाचा व पूर्व प्रधान रविंद्र बंसल ने खनन माफियाओं व उनके सहयोगियों पर परिवार का उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

---

प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाए बिना

# फरीदाबाद नगर निगम में नहीं करवा सकेंगे कोई काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आपने प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां दुरुस्त नहीं करवाई हैं दिक्कत हो सकती है। नए नियम के अनुसार, नगर निगम की ओर से लोगों को दी जाने वालीं सुविधाएं तभी मिलेंगी, जब वह सेल्फ सर्टिफिकेशन यानी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवा लेंगे। ऐसा न करने पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर नक्शा पास कराने और पानी का बिल जमा होने जैसे काम नहीं हो सकेंगे।

वहीं, ठेकेदार को पेमेंट रिलीज करानी है तो उन्हें भी पहले प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाकर सत्यापित करना होगा। अब तक नगर निगम ने सात लाख प्रॉपर्टी में से एक लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी आईडी ही ठीक करने का काम पूरा किया है। इस बारे में कमिश्नर ए.मोना श्रीनिवास ने सभी ब्रांच के इंचार्ज को पत्र भी लिख दिया है।



---

**डीसीपी ट्रैफिक उषा ने ऑटो चालकों से बैठक की**

# यूनिफॉर्म के साथ ऑटो में यूनिकोड के साथ ही सड़क पर निकालें गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में शनिवार को बदरपुर बॉर्डर ऑटो स्टैंड पर मीटिंग लेते हुए निर्देशित किया कि ऑटो ड्राइवर लागू की गई ड्रेस, यूनिक कोड तथा निर्धारित ऑटो स्टैंड पर ही ऑटो खड़ा करेंगे।

इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक जितेश मल्होत्रा, एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर विनोद कुमार, टीआई एनआईटी इंस्पेक्टर दर्पण कुमार, टीआई ग्रेटर फरीदाबाद इंस्पेक्टर सतीश तथा ऑटो यूनियन प्रधान मौजूद रहे। महिला सुरक्षा को देखते हुए पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक के द्वारा यातायात नियमों को सख्ती से लागू



कराने के साथ सेफ सिटी कार्यक्रम के तहत सभी ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा को यूनिक आईडी नंबर व यूनिफॉर्म का प्रयोग करने के निर्देश दिया है।

ऑटो यूनियन प्रधान ऑटो ड्राइवर को ऑटो स्टैंड पर ही ऑटो खड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सभी के रूट पहले से ही निर्धारित हैं। परिवहन विभाग ने जिले में नियम का पालन करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं।

ऑटो रिक्शा चालक का फोटो और उसकी संक्षिप्त जानकारी भी इस नंबर पर एक क्लिक के साथ ही डायल 112 पर स्क्रीन पर सामने आ जाएगी। इसी के बाद अब शहर के ऑटो और ई रिक्शा चालकों के लिए एक वर्दी और नेम प्लेट अनिवार्य की है। ऑटो चालकों को इसको लेकर जागरूक किया जाएगा। इसके बाद भी कोई ऑटो चालक आदेशों की अवहेलना करता पाया गया तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई का भी प्रावधान है।

---

वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन सहित 400 सिम कार्ड बरामद

# शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख रुपए की ठगी के मामले में 5 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी प्रभारी अमित कुमार की टीम ने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख रुपए की ठगी की वारदात में शामिल देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित, शमीम, सौरभ, रोशन तथा दिव्यांशु का नाम शामिल है। आरोपी शमीम तथा सौरभ यूपी के रहने वाले हैं, आरोपी अंकित



उत्तराखंड, आरोपी रोशन बिहार तथा आरोपी दिव्यांशु गुजरात का निवासी है। 14 मार्च को साइबर थाने में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर उसके साथ बैठक की व वारदात को अंजाम दिया। शुरुआत में साइबर अपराधी छोटी निवेश करवाते हैं और उस पर मोटा मुनाफा दिखाते हैं। धीरे-धीरे उसे व्यक्ति को मुनाफा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो वह साइबर अपराधियों पर विश्वास करन बड़ी पूंजी निवेश करता है। इस प्रकार इस मामले में पीड़ित व्यक्ति ने भी शेयर मार्केट में साइबर अपराधियों के बताएं अनुसार 53,15247 रुपए इन्वेस्ट कर दिए।

---

एफआईआर दर्ज, पुलिस हिरासत में बीएसएफ का पूर्व जवान

**बातचीत के लिए बुलाया, विवाद बढ़ा मार दी गोली**

# गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में बेटी के दोस्त की गोली मारकर हत्या, कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बीएसएफ के पूर्व जवान ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी बीएसएफ के पूर्व जवान को हिरासत में लिया गया है। मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक के पैरामाउंट सिंफनी सोसाइटी का है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 3.30 बजे थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में बीएसएफ के पूर्व जवान राजेश कुमार सिंह ने अपनी बेटी के दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी।



### कार्रवाई की जा रही है

27 अप्रैल की सुबह 3.30 बजे थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमे आरोपी बलिया का रहने वांला राजेश कुमार सिंह है, जो सेवानिवृत्त बीएसएफकर्मी है। उसके द्वारा अपनी बेटी के दोस्त की गोली मारकर हत्या की गई है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पूनम मिश्रा,** एसीपी वेव सिटी

### 'फेसबुक के जरिए दोनों की हुई थी दोस्ती'

बताया जा रहा है कि राजेश कुमार सिंह ने करीब 5 राउंड फायरिंग की थी। पुलिस को मृतक के शरीर में तीन बुलेट के निशान मिले हैं। मृतक छात्र की पहचान विपुल के रूप में की गई है। वह कॉलेज का छात्र था और मूल रूप से यूपी के बलिया का रहने वाला था। आरोपी के बेटी और मृतक के बीच करीब 6 सालों से दोस्ती थी। लड़की नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करती है और फेसबुक के जरिए दोनों की दोस्ती हुई थी।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे दिल्ली में आर्द्रता का स्तर 51 प्रतिशत रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 144 रहा जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

### पिछले 10 सालों में देश में बेहिसाब महंगाई हुई : जेपी अग्रवाल

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों और लापरवाही के चलते पिछले 10 सालों में देश में जहां बेहिसाब महंगाई है। वहीं बेरोजगारी का ग्राफ भी काफी बढ़ गया है जिससे हर नागरिक बुरी तरह से प्रभावित है चुनाव जीतने के बाद उनकी प्राथमिकता होगी कि महंगाई पर लगाम लगे और बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले। इसके लिए संसद में आवाज बुलंद करूंगा। अग्रवाल ने शनिवार को अपने चांदनी चौक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मॉडल टाऊन,सिविल लाईन्स, अशोक विहार, चंद्रावल व मजनू का टीला आदि इलाकों में बैठक कर लोगों से उनका कुशलक्षेम पूछा और चुनाव संबंधी चर्चा की।

### केजरीवाल को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा : भाजपा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा है साथ ही अगर अरविंद केजरीवाल एवं सौरभ भारद्वाज में अंश भर भी नैतिकता शेष हो तो तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को पश्चिम दिल्ली जिला भाजपा के अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर की अध्यक्षता में आयोजित विस्तृत संगठनात्मक बैठकों को सम्बोधित करते हुए उक्त संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बदहाली एवं अरविंद केजरीवाल की सत्ता लोलुपता पर कोर्ट की टिप्पणी के पैम्फलेट संदेश घर घर पहुंचाएं।

इस बैठक में उन्होंने विधायक चुनाव लड़े नेताओं से लेकर बूथ एवं पन्ना प्रमुखों से भी लोकसभा चुनाव की तैयारियां पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी जयप्रकाश, सारिका जैन, डॉ. महेन्द्र नागपाल एवं वरिष्ठ नेता सुभाष आर्य भी उपस्थित थे।

## दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आप कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

# आप ने किया भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दलित समाज के व्यक्ति को दिल्ली का महापौर बनने से रोकने के खिलाफ शनिवार को आम आदमी पार्टी ने भाजपा मुख्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली भर से भारी संख्या में दलित समाज के लोग शामिल हुए और भाजपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। दलित समाज के लोगों ने जय भीम के नारे लगाते हुए कहा कि वो अपना हक लेकर रहेंगे, इसके लिए चाहे जितनी भी बड़ी लड़ाई लड़नी पड़े। इस दौरान पुलिस ने विरोध-प्रदर्शन में शामिल 'आप' विधायक राखी बिड़लान, अजय दत्त और महापौर प्रत्याशी महेश खिच्ची समेत दर्जनों समर्थकों को हिरासत में ले लिया। राखी बिड़लान ने कहा कि इस बार एक दलित बेटे को दिल्ली का महापौर बनना था, लेकिन भाजपा के एलजी ने रातों-रात चुनाव को रद्द कर दिया। भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदल दलितों के वोट का अधिकार और आरक्षण छीन लेना चाहती है। इस बार पूरे देश का दलित समाज भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा और दिल्ली की सीटों पर उसकी जमानत जब्त कर देगा। महापौर पद के उम्मीदवार महेश खिच्ची ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार अपनी पुलिस की द्वारा हमें हिरासत में ले रही है, उसकी तानाशाही को पूरा देश देख रहा है। ये लोग सरेआम लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रहे हैं।

देश की जनता इसका जवाब अपने वोट से देगी और 25 मई को दिल्ली की सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। विधायक राखी बिड़लान ने कहा कि भाजपा का असली चाल चरित्र और चेहरा जनता के सामने आ गया है। इस बार एक दलित समाज के बेटे को महापौर बनना था। भाजपा के एलजी ने पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं किया और महापौर चुनाव को रातों रात रद्द कर दिया। भाजपा से कहना चाहते हैं कि तुम्हारे पास अभी इतनी ताकत नहीं है कि बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान को बदल दो, दलितों के वोट के अधिकार को खत्म कर दो और दलितों के आरक्षण का हक खा जाओ। इस बार देश का दलित भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा। दिल्ली की जनता इस बार भाजपा को जीरो सीट पर सिमटा कर उसकी जमानत जब्त करके उसे घर भेजेगी। विधायक अजय दत्त ने कहा कि 5 साल में एक बार किसी दलित को महापौर बनाया जाता है। चुनाव आयोग ने दिल्ली में महापौर चुनाव की इजाजत भी दे दी थी। लेकिन एक दिन पहले भाजपा के आदेश पर एलजी ने महापौर का चुनाव रद्द कर दिया और अपनी दलित विरोधी मानसिकता को सामने ले आए। यह संविधान के खिलाफ है। जो भी व्यक्ति संविधान और दलितों के खिलाफ काम करेगा, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दलित समाज में चुनाव रद्द करने को लेकर बहुत गुस्सा है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' ने चलाया 'जेल का जवाब वोट से' अभियान




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी का 'जेल का जवाब वोट से' अभियान जारी है। इस कड़ी में शनिवार को पूर्वी दिल्ली से 'आप' के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मी नगर में यह अभियान चलाया। सिर पर 'आप' की टोपी लगाए और हाथ में बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने के पीछे भाजपा की साजिश से जनता को जागरूक किया। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं को बस में सफर समेत कई मुफ्त सुविधाएं देने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा ने फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल में डाल दिया है। दिल्ली की जनता भाजपा के षड़यंत्र को समझ चुकी है और 25 मई को 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्लीवालों को कई मुफ्त सुविधाएं देने वाले सीएम केजरीवाल को भाजपा ने फर्जी मुकदमें में फंसा कर जेल में डाल दिया है। सरथ रेड्डी की फर्जी गवाही पर मुख्यमत्री को जेल में डाला गया है, दिल्लीवाले भाजपा के षड़यंत्र समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है, दिल्ली की जनता 25 मई को इसका जवाब के लिए तैयार है।

## आम आदमी पार्टी का केंद्रीय वॉर रूम तैयार, प्रचार को मिलेगी धार : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान को मजबूत धार देने के लिए आम आदमी पार्टी का केंद्रीय वॉर रूम तैयार है। पार्टी मुख्यालय में स्थापित वॉर रूम का उद्घाटन दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने फीता काट कर दी। इंडिया गठबंधन के बैनर तले 'आप' दिल्ली की चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने इन चारों लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी कैंपेन को कोऑर्डिनेट करने के लिए एक-एक प्रभारी बनाया है। वॉर रूम में सोशल, डिजीटल, मीडिया, मैनेजमेंट, डाटा मैनेजमेंट, रिसर्च, लॉजिस्टिक और लीगल टीम समेत 12 सेक्शन बनाए गए हैं। गोपाल राय का कहना है कि शनिवार से पार्टी के चुनावी अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत हो रही है। इस बार आम आदमी पार्टी नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता चुनाव लड़ रही है। दिल्लीवाले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देने के लिए तैयार हैं। वहीं, पंकज गुप्ता ने कहा कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता बहुत दुखी है और उन्हें जल्द से जल्द बाहर आने के लिए प्रार्थना कर रही है। 'आप' अब तक डोर-टू-डोर और 'जेल का जवाब वोट से' समेत कई चुनावी अभियान कर चुकी है और सब में भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

## भाजपा ने सीएम आवास का नाम रखा भ्रष्टाचार का अड्डा शीश महल

### *हर दूसरे दिन दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार की एक नई गाथा आती है सामने : सचदेवा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार दोपहर सिविल लाइंस स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के पास एक लोहे का बोर्ड लगा दिया, जिसमें मुख्यमंत्री आवास का नाम भ्रष्टाचार का अड्डा शीश महल रखा गया। बोर्ड लगाने के बाद मीडिया से बात करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि जिन दिल्लीवासियों ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री चुना था, आज उन्हें शर्म आ रही है क्योंकि हर दूसरे दिन उनकी सरकार के भ्रष्टाचार की एक नई कहानी सामने आती है। इस दौरान दिल्ली के पूर्व महापौर जय प्रकाश, दिल्ली भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर और मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी सीएम हाउस लेन से ठीक पहले ट्रैफिक जंक्शन पर शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा नामकरण बोर्ड लगाने में पार्टी अध्यक्ष के साथ शामिल हुए।

### अवैध तरीके से किया गया आलीशान घर का निर्माण

सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले में कोर्ट के गवाहों के बयानों से साफ पता चलता है कि घोटाले की डील सीएम हाउस में हुई थी और आलीशान घर का निर्माण ही अवैध तरीके से किया गया है, इसलिए हमने इसका नाम शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा रखा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम दोबारा आएंगे और मांग करेंगे कि चूंकि सीएम जेल में हैं इसलिए घर पर कैंप ऑफिस बंद किया जाए और इस महल का खर्च सरकारी खजाने पर न डाला जाए।

## केजरीवाल ने हाईकोर्ट से कहा : ईडी ने आबकारी नीति मामले में बेहद मनमाने तरीके से किया काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 'बेहद मनमाने तरीके' से काम किया। मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है। केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में साफ झूठ उजागर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है। केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में कथित असहयोग का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है। आप नेता ने कहा कि उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किये जाने के हकदार हैं।

## देश में हुए आक्रमणों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमेशा तैयार रहें हैं सिख : नड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ सिख भाजपा में हुए शामिल


भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एकता एवं समर्पण को मजबूत करने के लिए भाजपा में सम्मलित होने के लिये आपका आभार व्यक्त करती है और आप सभी का स्वागत करती है। देश के लिए सिखों की कुर्बानी एवं बलिदान को सभी जानते हैं। देश में जितने भी आक्रमण हुए हैं उन सभी आक्रमणों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सिख हमेशा तैयार रहे हैं। सिख नेताओं एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उन सभी का अभिनंदन कर भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में उक्त संबोधन दिया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय के कक्ष में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा के संयोजन में आयोजित एक विशेष समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 7 प्रमुख युवा सदस्यों के साथ उनके बड़ी संख्या में सिख कार्यकर्ता साथियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

## सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में किया रोड शो

# तानाशाही को हटा दो और लोकतंत्र को बचा लो : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





इन लोगों ने बिना आरोप साबित हुए जबरदस्ती मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल रखा है। आज भारत मां की यह बेटी आपसे विनती करती है। आप अपने वोट की ताकत से इस देश से तानाशाही को हटा दो और लोकतंत्र को बचा लो। सीएम अरविंद केजरीवाल को 'जेल' भेजने का जवाब वोट से देने की अपील के साथ शनिवार को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली में अपने पहले रोड शो में भाजपा पर निशाना साधते हुए उक्त संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता ने अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराकर भाजपा को बता दिया कि अरविंद केजरीवाल के प्रति उनका प्यार अब और बढ़ गया है और वो 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए तैयार हैं। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि सुनीता केजरीवाल के स्वागत में भारी जन-सैलाब उमड़ पड़ा, घर की बालकनी और छतों पर लोग जमा हुए। केजरीवाल की कटआउट लेकर समर्थक पहुंचे और उत्तराखंड के लोगों ने पारंपरिक डांस कर स्वागत किया। बताया गया कि सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में कल्याणपुरी में विशाल रोड शो किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं-समर्थकों में जबरदस्त जोश और जुनून देखने को मिला। उनके हाथों में पार्टी का झंडा, सीएम केजरीवाल का कटआउट और 'जेल का जवाब वोट से' लिखी तख्तियां थी। सुनीता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को पिछले 22 साल से शुगर है और 12 साल से 50 यूनिट रोजाना इंसुलिन ले रहे हैं। जेल में इन्होंने अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी। उनका शुगर लेवल 300 के ऊपर पहुंच गया। ऐसे तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर खराब हो जाएगा। क्या ये भाजपा लोग उनको जान से मारना चाहते हैं। रोड शो के दौरान पांच प्वाइंट बनाए गए थे, जिसमें संविधान बचाओ, महिलाओं के लिए पिंक टिकट, तीर्थयात्रा, शिक्षा क्रांति और अनधिकृत कॉलोनी शामिल थें, जहां मौजूद लोगों ने न सिर्फ सुनीता केजरीवाल का स्वागत किया, बल्कि उनका धन्यवाद भी किया कि केजरीवाल सरकार की वजह से उन्हें यह सारी सुविधाएं मिल पाईं।

### 'जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा'

कल्याणपुरी में विशाल रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इन लोगों ने महीने भर से जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये लोग अरविंद केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अभी इन्होंने एक नया सिस्टम निकाला है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। यह तो इनकी सरासर गुंडगर्दी, तानाशाही है।

### सुनीता केजरीवाल के रोड शो में गठबंधन सहयोगी कांग्रेस का एक भी नेता नहीं पहुंचा : भाजपा

**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन दलों के लोकसभा चुनाव के प्रचार के पहले बड़े कार्यक्रम में इंडी गठबंधन की एकता के ढोल की पोल खुल गई। शनिवार को इंडी गठबंधन के प्रमुख दल आम आदमी पार्टी ने पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल के रोड शो का आयोजन किया पर उसमें गठबंधन सहयोगी कांग्रेस का एक भी नेता नहीं पहुंचा। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने सुनीता केजरीवाल के रोड़ शो को लेकर उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद्र सिंह लवली, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित एवं दिल्ली कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल चौधरी पूर्वी दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं पर उन्होंने सुनीता केजरीवाल से दूरी बना के रखी। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि इंडी गठबंधन केवल सीट बटवारे तक ही सीमित है क्योंकि लोकसभा चुनाव के मात्र 7 माह बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव है और ऐसे में कोई भी आप विधायक नहीं चाहता कि उनके क्षेत्र का कोई कांग्रेस नेता फिर से सक्रिय हो या जमीन पर लोगों से जुड़े। इसी तरह जो दो चार कांग्रेस नेता जमीन पर सक्रिय हैं वह अपने समर्थकों को आम आदमी पार्टी विधायकों एवं सांसद प्रत्याशी के सम्पर्क में नही आने देना चाहते। कपूर ने कहा है कि यह इंडी गठबंधन जिस तरह अलग अलग दिशा में चल रहा है बहुत मुमकिन है कि 25 मई से पहले दम तोड़ देगा।



स्पेशलः इंटरनेशनल डांस-डे, 29 अप्रैल

हाल के सालों में देश-विदेश में डांस को फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए बहुत उपयोगी गतिविधि माना जाने लगा है। यह तथ्य तो सही है ही, लेकिन डांस हमारे भीतर सकारात्मकता और संवेदनशीलता का संचार करता है, सौंदर्यबोध बढ़ाता है। डांस से हम बेहतर इंसान बनते हैं और जीवन को आनंद के साथ जीने के लिए आत्मप्रेरित भी होते हैं।

# जीवन की लय पर पैरों की थिरकन

कवर स्टोरी / संध्या सिंह

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कॉर्डियोलॉजी, जो कि एक गैरलाभकारी चिकित्सा संस्था है, उसके मुताबिक डांस यानी नृत्य गंभीर हृदय रोगी को भी जीवनदान दे सकता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डांस सामान्य जीवन की कितनी सकारात्मक गतिविधि है। समाजशास्त्रियों से लेकर मनोचिकित्सकों तक और हृदय रोग विशेषज्ञों से लेकर सामान्य लोगों तक का मानना है कि डांस हमारे फिट रहने का सबसे आसान और सरस तरीका है।

## स्वास्थ्य के लिए संजीवनी

नृत्य अपने आप में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसलिए इसका महत्व इस लिहाज से बहुत ज्यादा होता है। हालांकि नृत्य की अपनी एक सामाजिक दुनिया भी है और वह कम प्रभावशाली या कम महत्व की नहीं है। लेकिन ज्यादातर आम लोगों के लिए नृत्य के सर्वाधिक फायदे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से ही जुड़े होते हैं। आम लोगों के लिए नृत्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खजाने की तरह है। अमेरिकी हृदय स्वास्थ्य विशेषज्ञ, नृत्य को मांसपेशियों की ताकत, भावनात्मक सहन शक्ति और फिटनेस की अपार संभावनाओं वाला केंद्र मानते हैं। मेडिकल निष्कर्षों के मुताबिक डांस करने से 70 से 80 फीसदी तक हृदय बिना और कोई उपाय किए स्वस्थ रहता है। डांस करने से दो दर्जन लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां जैसे चिंता, डिप्रेशन, हाइपरटेंशन और एंजाइटी आपके पास नहीं फटकती हैं। रेग्युलर डांस करने वाले लोगों का शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य तो बेहतर होता ही है, उन्हें कभी ऑस्टियोपोरेसिस का खतरा नहीं रहता। इससे फेफड़ों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और कभी वजन भी नहीं बढ़ता है।



## बढ़ती है संवेदनशीलता-सकारात्मकता



आज के दौर में नृत्य एक बड़ा कारोबार और कई रचनात्मक कलाओं का केंद्र भी बन गया है। जितने भी परफॉर्मिंग आर्ट हैं, डांस उन सबका सेंटर प्वाइंट है। लेकिन नृत्य के ये संदर्भ उन कुछ रचनात्मक लोगों से ही हैं, जो नृत्य के लिए समर्पित हैं और नृत्य की लय को जीवन की लय मानते हैं। डांस करने से आत्मविश्वास में सर्वाधिक बढ़ोत्तरी होती है। यह आपकी संज्ञानात्मक मेधा में वृद्धि करता है। डांस करने से शरीर में एक लयात्मकता आती है और भरपूर लचीलापन न सिर्फ शारीरिक अंगों मे बल्कि स्वभाव और संवेदना में भी दिखता है। डांस नए दोस्त बनाने में मददगार होता है और हमारे भीतर रचनात्मकता, आत्म अनुशासन और सहयोगात्मक रूप से काम करने की क्षमता विकसित करता है।

यह तो कहने की जरूरत ही नहीं है कि डांस हमारे भीतर सौंदर्यबोध को पैदा ही नहीं करता, उसमें वृद्धि भी करता है। इसीलिए माना जाता है कि एक डांसर की आंखें दुनिया का सृजन देखती हैं। अमेरिका में हुए एक शोध के मुताबिक प्रतिदिन एक घंटे डांस करने वाले लोग बहुत रेयरली किसी आपराधिक घटना में शामिल पाए जाते हैं। नियमित डांस करने वाले लोगों के दिल दिमाग में ऐसे हार्मोन पैदा ही नहीं होते, जो उन्हें किसी भी तरह की आक्रामकता या अपराध की तरफ उन्मुख करें। डांस में इस तरह की सकारात्मकता और संवेदना होती है, जो व्यक्ति को शांत और सौम्य बनाती है। हर डांस करने वाला व्यक्ति लगभग सभी रचनात्मक कलाओं में रुचि लेता है, क्योंकि डांस उसके मन की कंडीशन और 'स्टेट ऑफ माइंड' यानी मनःस्थिति को संवेदना से भर देता है।

## एक लय में हो जाते हैं तन-मन

डांस करने वाले के दिमाग में कार्टीसोल नामक हार्मोन का स्तर बेहद कम होता है और ऑक्सीटोसिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है यानी फीलगुड हार्मोन की मात्रा बढ़ती है। इसीलिए इंसान द्वारा की जाने वाली सबसे खूबसूरत और खुशहाली से भरी गतिविधि डांस को माना जाता है। कहते हैं, डांस जानने वालों को संगीत की जानकारी स्वतः ही हो जाती है, क्योंकि डांस करने वालों का शरीर ही नहीं, मन भी लय में रहता है और लय संगीत के साथ सहजता से आत्मसात हो जाता है। दुनिया में डांस के अलावा दूसरी ऐसी कोई सक्रिय गतिविधि नहीं है, जिसमें तन और मन एक लय में हो जाते हों। इसीलिए डांस सीखने से कई अन्य कलाओं से भी लगाव बढ़ने लगता है। कहने का सार यही है कि डांस केवल एक कला नहीं, केवल स्वास्थ्य सुधारने का जरिया नहीं बल्कि जीवन को आनंद के साथ जीने की एक अद्वितीय शैली भी है। *

### ऐसे हुई डांस-डे की शुरुआत

**डांस के** महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए हर साल 29 अप्रैल को इंटरनेशनल डांस-डे मनाया जाता है, क्योंकि यह तारीख आधुनिक बैले डांस के जनक जीन-जॉर्जेस नोवरे का जन्मदिन है। 1727 को नोवरे इसी दिन पैदा हुए थे। इसलिए साल 1982 से इस दिन को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल नृत्य दिवस की एक थीम होती है और उस थीम का एक सांकेतिक महत्व होता है। जैसे साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की थीम थी-नृत्य दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका। जबकि इस साल नृत्य दिवस की थीम है-थिएटर और शांति की संस्कृति यानी साल 2024 के नृत्य दिवस की थीम विश्व रंगमंच को समर्पित है।



फिटनेस / शिखर चंद जैन

# मस्ती वाला वर्कआउट डांसरसाइज

इन दिनों डांस के साथ एक्सरसाइज यानी डांसरसाइज का ट्रेंड बढ़ रहा है। इनके डिफरेंट टाइप्स के जरिए अनेक यंगस्टर्स मस्ती के साथ खुद को फिट रख रहे हैं। क्या है डांसरसाइज, आप भी जानिए।

गर्मी के दिनों में सूरज सुबह-सुबह ही तेज चमकने लगता है, इसलिए पसीने और गर्मी के डर से घर से बाहर जाकर वर्कआउट करने का मन अकसर नहीं करता है। लेकिन शरीर के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी है। ऐसे में आप घर में ही पंखा/कूलर चलाकर बोर हुए बिना फुल मस्ती के साथ डांसरसाइज कर सकते हैं।

**जाज डांसिंगः** सुडौल पैर, जांघें और कमर के लिए जाज डांसिंग आपके लिए परफेक्ट है। इसमें आपको लीप्स, किक्स और जंप्स लेने होते हैं, जिनसे पैरों और जांघों की अच्छी खासी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे न सिर्फ लचीलापन और शरीर का संतुलन दुरुस्त होता है बल्कि पोश्चर भी सही हो जाता है। इस डांस में हाथों के मूवमेंट भी खूब होते हैं, जिससे बाहों और हाथों का भी अच्छा वर्कआउट हो जाता है।

**शिबामः** 45 मिनट सेशन का यह डांस आधारित वर्कआउट विदेशों में सुपरहिट हो चुका है। इसमें लैटिन और हिप-हॉप साउंडट्रेक पर सिंपल डांस स्टेप्स परफॉर्म करने होते हैं। शिबाम की एक क्लास में 600 से ज्यादा कैलोरी तो बर्न होती ही है, साथ ही स्ट्रेस से भी राहत मिलती है। किसी कुशल ट्रेनर की देखरेख में इसकी कुछ क्लासेज अटेंड करने के बाद आप खुद ट्रेंड हो जाएंगे। शिबाम में डांस मूव्स को एरोबिक वर्कआउट के साथ ब्लेंड किया गया है। संगीत के साथ जब शरीर थिरकता है, तो आपको दोहरा लाभ मिलता है तन और मन दोनों फिट होते हैं। इस वर्कआउट से स्टेमिना और कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस बढ़ने के साथ-साथ ढेर सारी कैलोरी भी बर्न होती है। तीव्रता के साथ किए गए शिबाम से प्रति घंटे 800 कैलोरी तक बर्न कर सकते हैं।



जाज डांसिंग करते यंगस्टर्स

**जुंबाः** कोलंबियन फिटनेस एक्सपर्ट द्वारा डिजाइन किया गया यह वर्कआउट हमारे देश में भी खूब पॉपुलर हो रहा है। लैटिन म्यूजिक के साथ इसमें तरह-तरह के डांस फॉर्म्स का मिक्सचर है जैसे- सालसा, बेली डांसिंग, सोका, रिगेटन आदि। जुंबा कई प्रकार का होता है जैसे स्विमिंग पूल में एक्वा जुंबा किया जाता है। बच्चों के लिए जुंबा किड्स है और बुजुर्गों के लिए जुंबा गोल्ड है। तरह-तरह के डांस पर थिरकते हुए शरीर की अच्छी-खासी वर्जिश हो जाती है। दिलचस्प होने की वजह से इसे करने में मन भी लगा रहता है।



जुंबा डांसरसाइज करते यंगस्टर्स

**पाइलेट्सः** इसे मॉर्निंग वर्कआउट का हीरो कह सकते हैं। इसे एक जर्मन फिटनेस एक्सपर्ट ने शुरू किया था और 2005 के बाद से यह पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया। कमजोर घुटनों और पीठ दर्द के लिए यह एक शानदार वर्कआउट है, जिसे चटाई पर लेटकर म्यूजिक के साथ किया जाता है। इससे कमर के नीचे का हिस्सा मजबूत होता है और इससे फ्लैक्सिबिलिटी आती है।

**पाइलॉक्सिंगः** स्वीडन के डांसर विविका जेनसन, जो बाद में पाइलेट्स ट्रेनर बन गए, ने इसकी शुरुआत की। पाइलेट्स और बॉक्सिंग का फ्यूजन है पाइलॉक्सिंग। पाइलॉक्सिंग नंगे पैरों से वजनदार ग्लव्स पहन कर की जाने वाली डांस एक्सरसाइज है। महिलाओं के लिए यह खासतौर पर फायदेमंद है, क्योंकि इससे उनकी फिटनेस और कॉन्फिडेंस दोनों बढ़ते हैं।

**बॉलीवुड डांसिंगः** एक्सरसाइज करने का मन नहीं है और मूड ऑफ है, तो बस बॉलीवुड के मस्ती भरे जोशीले गाने चला लें और उन पर थिरकना शुरू कर दें। आप फील ही नहीं कर पाएंगे कि फुल मस्ती में नाचते-नाचते आपकी पूरी बॉडी में मूवमेंट्स हो रहे हैं और अनजाने में ही घंटे भर का वर्कआउट हो गया। डांस से बॉडी में लचीलापन भी आता है।

**मसाला भांगड़ाः** आपके दिल के लिए यह जबर्दस्त कार्डियो एक्टिविटी है। यंगस्टर्स के लिए यह एक शानदार और मस्ती भरा वर्कआउट प्लान है। इसमें पॉप और भांगड़ा डांस का फ्यूजन है। इसमें ढोल की बीट पर फास्ट मूवमेंट्स किए जाते हैं। यह एक इंटेंस डांस वर्कआउट है। *

ट्रेडिशन / अंजू जैन

भले ही आज देश-विदेश में नृत्य की अनेक शैलियां विकसित हो चुकी हैं। लेकिन अपने देश में नृत्य परंपरा बहुरंगी, भव्य और अत्यंत प्राचीन रही है। यहां के शास्त्रीय और लोकनृत्यों की छटा देखते ही बनती है।

# प्राचीन-बहुरंगी-भव्य भारतीय नृत्य परंपरा

हमारे देश में नृत्य और संगीत का न सिर्फ धर्म और अध्यात्म से गहरा नाता रहा है, पौराणिक काल से इसकी परंपरा भी बरकरार है। प्राचीन ग्रंथों में से एक 'सामवेद' को संगीत का सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। भरत मुनि का 'नाट्य शास्त्र' नृत्यकला का सर्वप्रथम और प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। इंद्र की सभा में मेनका आदि अप्सराओं द्वारा नृत्य किए जाने का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा सभ्यता में नृत्य करती हुई युवतियों की मूर्ति पाई गई है, जिससे साबित होता है कि उस काल में ही नृत्यकला का विकास हो चुका था। खजुराहो के मंदिर हों या कोणार्क के मंदिर, प्राचीन काल में निर्मित इन मंदिरों की दीवारों पर गंधर्वों की मूर्तियां अंकित हैं। उन मूर्तियों में लगभग सभी तरह के वाद्य यंत्रों और नृत्य भंगिमाओं को दर्शाया गया है। भगवान शिव के नृत्यरत नटराज स्वरूप के बारे में हम जानते ही हैं। उनका तांडव नृत्य भी सब जानते हैं। इसी तरह श्रीकृष्ण की रासलीला में भी नृत्य और संगीत का वर्णन मिलता है।

**नृत्य का जनक है हमारा देशः** हमारे देश के प्राचीन शास्त्रीय नृत्य दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। हमारे देश में नृत्य की परंपरा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। भारत की नृत्य शैलियां दुनिया भर में लोकप्रिय हैं। दुनिया की कई नृत्य शैलियां तो हमारी प्राचीन नृत्यकला से ही प्रभावित हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार भारत में कई तरह की शास्त्रीय नृत्य शैलियां अलग-अलग राज्यों में विकसित हुई हैं जैसे- भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, कथक, कथकली, यक्षगान, कृष्णअट्टम, मणिपुरी और मोहिनीअट्टम।



भरतनाट्यम



डांडिया



कुचिपुड़ी

**भरतनाट्यमः** यह नृत्य भारत के अति प्राचीन नृत्यों में शुमार है। इसका उल्लेख भरत मुनि के नाट्य शास्त्र में भी मिलता है। मूलतः तमिलनाडु के भरतनाट्यम नृत्य में भाव, राग और ताल का संगम होता है। इस नृत्य में चेहरे के हाव-भाव, हाथ, पैर की गतिविधियां और मुद्राओं द्वारा भावनाओं को अभिव्यक्त किया जाता है।

**कथकः** कथक का शाब्दिक अर्थ कथा होता है। प्राचीन काल में कथा यानी कहानी सुनाने वाले लोगों को कथक कहा जाता था। शुरुआत में यह नृत्य उत्तर भारत में ब्राह्मणों द्वारा मंदिरों में किया जाता था। यह नृत्य बालकृष्ण की लीलाओं, दंतकथा और अन्य पौराणिक कथाओं पर किया जाता है। इस नृत्य कला में चेहरे के हाव-भाव और मुद्राओं को विशेष महत्व दिया जाता है। इस नृत्य में मुकुट के साथ-साथ चेहरे के श्रृंगार के लिए विविध रंगों का भी प्रयोग किया जाता है। रामायण तथा महाभारत की कथा पर भी यह नाट्य नृत्य किया जाता है।

**कुचिपुड़ीः** कुचिपुड़ी आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले में एक गांव का नाम है। इसी गांव में कुचीपुड़ी नृत्य का जन्म हुआ। शुरुआत में यह नृत्य केवल पुरुष ब्राह्मणों द्वारा ही भगवान को समर्पित किया जाता था और पुरुष ब्राह्मण ही महिला का रूप लेकर नृत्य करते थे। समय बदला तो महिलाएं भी कुचीपुड़ी नृत्य में हिस्सा लेने लगीं। इस नृत्य में शारीरिक संतुलन का कौशल प्रदर्शित किया जाता है। पानी से भरा हुआ घड़ा लेकर तथा पीतल की थाली की किनारी पर भी यह नृत्य किया जाता है।

**मणिपुरीः** यह नृत्यकला अन्य शास्त्रीय नृत्य कलाओं से भिन्न है। मणिपुरी नृत्य कला में पोशाक भी अन्य नृत्यकलाओं से भिन्न होती है। इसमें शरीर धीमी गति से थिरकता है। इसमें तांडव और रास्य दोनों का समावेश किया जाता है।

**ओड़ीसीः** कोर्णाक के सूर्यमंदिर तथा भुवनेश्वर की प्राचीन गुफा की दीवारों में इस नृत्य के चित्र मिलते हैं। इस नृत्य की मुख्य मुद्रा त्रिभंग है जिसमें सिर, शरीर और पैर तीन हिस्सों में बांटकर नृत्य अभिव्यक्त किया जाता है। इस नृत्य में भगवान विष्णु के अवतार जगन्नाथ, शिव और सूर्य की कथाएं नृत्य नाटिका से मंचित की जाती हैं।

**लोकनृत्य की छटाः** हमारे देश में तीज-त्योहारों या शादी-विवाह जैसे खुशी के मौकों पर भी नृत्य संगीत का आयोजन खूब किया जाता है। विभिन्न संस्कृतियों में अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार घूमर, गिंदड़, चरकुला, गेर, चंग, डांडिया, रम्मत, ढोल और पणिहारी जैसे लोक नृत्यों का खूब आनंद उठाया जाता है। लोग तरह-तरह के स्वांग लेकर नाचते-झूमते हैं और जश्न मनाते हैं। जनजातियों की जीवनशैली का हिस्सा इन लोक नृत्यों की भी छटा देखते ही बनती है। चिकित्सक इन्हें स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक मानते हैं। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ संगीतमय लयबद्ध थिरकन से मानसिक अवसाद से भी राहत मिलती है। *

गजल

डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## जागो फैसले की घड़ी है



सभी को सियासत में अपनी पड़ी है
मुसीबत जहां थी वहीं पे खड़ी है
किए जा रहे हैं फकत घोषणाएं
अभी पास सबके तिलिस्मी छड़ी है
अगर चाहते हो चमन में महकना
तो जागो जरा फैसले की घड़ी है
तुम्हारे मतों पर है कायम सिंहासन
सभी की नजर अब तुम्हीं पे गड़ी है
बहुत काम बाकी है अब भी वतन में
प्रशासन है ढीला व्यवस्था सड़ी है
न जाने कहां जोश हमको ले जाए
अभी दास्तां हसरतों से बड़ी है
उसे भूख से प्यास से क्या गिला हो
जो हीरे जवाहर कनक से जड़ी है
दिखा देंगे इकदिन तुम्हें अपना जौहर
हमारी नजर में भी पुख्ता कड़ी है
यहां से वहां तक हैं 'नवरंग' कांटें
बढ़े पांव जब भी विवशता अड़ी है

लघुकथाएं

## अपना हित



भोला सुबह-सुबह काम की तलाश में घर से निकल चुका था। वह रोज दिहाड़ी मजदूरी करता है। इसी मजदूरी से उसके घर का चूल्हा जलता है। आज भी वह रोज की तरह घर से कुछ दूरी पर बने उस ठिकाने पर आकर खड़ा हो गया, जहां से शहर के लोग दिहाड़ी मजदूर लेकर जाते हैं। भोला यह सोच ही रहा था कि पता नहीं आज काम मिलेगा या नहीं? तभी वहां सफेद कुर्ता-पाजामा पहने एक व्यक्ति आया, भोला से बोला, 'तुम लोग आज के दिन भी मजदूरी करने जा रहे हो। यह तो गलत बात है।' 'क्यों गलत बात है?

आज ऐसा क्या है, जो हम मजदूरी नहीं कर सकते हैं?' भोला ने पूछा। 'आज श्रमिक दिवस है। इसे मई दिवस भी कहते हैं। यह तुम जैसे मजदूरों को अपने अधिकारों और हितों को समझने का दिन है। मैं तुम्हारे हित के लिए आया हूं। चलो हमारे साथ सामने वाले पार्क में, वहां एक बड़ी सभा है। एक बड़े नेताजी आ रहे हैं, उनका भाषण है। नेता जी तुम्हारे अधिकारों के बारे में बताएंगे। तुम्हारे हितों की बात करेंगे।' वह व्यक्ति बोला। भोला उस आदमी से बोला, 'अच्छा तो तुम हमारे हित के लिए आए हो। हम मजदूरों का हित तो अपनी मजदूरी करने में है। अगर आज हम काम नहीं करेंगे तो हमारे घर चूल्हा नहीं जलेगा।

हमारे बीवी-बच्चे भूखे रह जाएंगे। नेता जी के भाषणों से हमारे घर का चूल्हा नहीं जलेगा, हमारा पेट नहीं भरेगा। हमें मालूम है, चुनाव आ गए हैं। इस सभा में नेता जी जो बोलेंगे, उसके पीछे हमारा नहीं, उनका हित होगा। इतने सालों में नेता जी हम मजदूरों के हित की बात करने नहीं आए, अब चुनाव के समय उन्हें हमारी सुधि आई है। क्षमा करें श्रीमान जी, हम आपके नेता जी का भाषण सुनने नहीं जा पाएंगे।' यह सुनकर वह व्यक्ति चुपचाप वहां से चला गया। *

- ललित शौर्य

## कच्चे पपीते



सुनो जी, ये इतने ढेर सारे कच्चे पपीते क्यों ले आए? घर में कोई पपीते पसंद नहीं करता। इनका मैं क्या करूं?' पत्नी ने झल्लाते हुए पति से कहा।

'अरे! भाग्यवान इनकी सब्जी बना लो या हलवा बना लो।' पति बोले। 'तुम्हें तो पपीते की सब्जी बिल्कुल पसंद नहीं है, हलवा बच्चे पसंद नहीं करते। मुझे समझ नहीं आया कि जब घर में कोई कच्चा पपीता पसंद नहीं करता तो तुम बेवजह इतने ढेर सारे कच्चे पपीते लेकर ही क्यों आए?' पत्नी और ज्यादा झल्लाकर बोली। 'सच बात बताऊंगा, तुम गुस्सा तो नहीं करोगी? वो क्या है कि सड़क किनारे एक वृद्धा कच्चे पपीते बेच रही थी।


वह किसी महिला से कह रही थी, बहन जी, पपीते ले लो। दो दिन से मेरे घर चूल्हा नहीं जला है। कम दाम में ले लो। किंतु उसका पपीता उसने क्या, किसी ने भी नहीं खरीदा। मुझे उस पर दया आ गई। मैंने उस वृद्धा से पूछा- माता जी, ये पपीते कितने पैसे में देंगी? तो वह बोली-बेटा, जो उचित लगे दे दो। भगवान तुम्हारा भला करेगा। क्या करूं बेटा, बहुत गरीब हूं। घर पर दो-चार पपीते के पेड़ हैं। वही जीने का सहारा हैं। पके पपीते कुछ दिन पहले बेचे थे। उससे दो दिन घर में चूल्हा जला, लेकिन अब पके पपीते नहीं हैं तो कच्चे ही तुड़वा कर लाई हूं ताकि मेरी छोटी सी पोती को खाने को भोजन मिल जाए। वो भी दो दिन से भूखी है। बहू-बेटे दो साल पहले कोरोना में नहीं रहे। तब से जैसे-तैसे गुजारा कर रही हूं। बस मैंने उसके सारे पपीते सौ रुपए में खरीद लिए।' पति ने डरते हुए सारी बात पत्नी से कह दी। यह सुनकर पत्नी भी दुखी होकर बोली, 'ओह! बेचारी गरीब वृद्धा को सौ नहीं दो सौ रुपए दे देना था ताकि वे लोग भरपेट खाना खा पाते।'

पति यह सुनकर पत्नी का मुंह देखते ही रह गए। *

- डॉ. शैल चंद्रा

पुस्तक चर्चा / सरस्वती रमेश

## जीतने की जिद



एक व्यक्ति की आवाज किस तरह उसकी जिंदगी के सारे फैसलों को नियंत्रित कर सकती है। खुशियों के सारे दरवाजे बंद कर सकती है। हीनभावना से भर सकती है। दोस्तों के आगे शर्मिंदा कर सकती है। आत्महत्या तक पहुंचा सकती है, इसका अंदाजा भगवंत अनमोल के उपन्यास 'गेरबाज' को पढ़कर लगा सकते हैं। अपनी बात को समय पर सही ढंग से न बोल पाना भी पीड़ादायक हो सकता है, यह आप इसे पढ़ते हुए महसूस करेंगे। इस किताब में लेखक ने बड़ी सूक्ष्मता से एक हकलाने वाले व्यक्ति की मनोदशा और उसके जीतने की जिद को चित्रित किया है। यह हकलाहट की समस्या पर लिखा गया एक पठनीय उपन्यास है। *

**पुस्तकः** गेरबाज (उपन्यास), **लेखकः** भगवंत अनमोल, **मूल्यः** 299 रुपए, **प्रकाशकः** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पेंगुइन स्वदेश), गुरुग्राम


अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-

E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### एक महिला समेत चार की जिंदा जलकर मौत



**सासाराम।** सासाराम के नोखा थाना क्षेत्र के हथिनी पंचायत अंतर्गत रोपहथा गांव में दोपहर चूल्हे की चिंगारी से निकली आग से घर में सो रही एक महिला समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना में झुलसे मां-बेटे बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें जिले के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इमरजेंसी में उनका चल रहा है। उनकी हालत नाजुक है। माना जा रहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। रोपहथा गांव निवासी दिनेश डोम के घर में आग लग जाने से उनकी पतोहू, दो पुत्री ममता और तथा दो वर्षीय नाती की मौत हो गई।

### हेमंत को नहीं मिली जमानत, याचिका खारिज



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शनिवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब रांची की विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट अदालत ने भूमि घोटाला मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। हेमंत ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि उनके पिता के बड़े भाई का निधन हो गया है और वे उनके श्राद्ध तक अंतरिम जमानत चाहते हैं, जिसका विरोध ईडी की ओर से किया गया। इस मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया।

### दो बाइक की टक्कर, लगी आग, 3 की मौत



**बेगूसराय।** बेगूसराय में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार ढाला गौतम धाम के समीप एचएस 55 की है। शनिवार सुबह दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। चारों युवक वहीं बेहोश होकर गिर गए। देखते ही देखते दोनों बाइक में आग लग गई। चारों युवकों की आग की चपेट में आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो लोग की मौत मौके पर हो गईं। दो लोग आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसमें इलाज के दौरान एक युवक की भी मौत हो गई। वहीं चौथे युवक की हालत गंभीर है।

# प्रचंड गर्मी के बीच वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश की चेतावनी, चुनाव में होगी प्रत्याशियों की कड़ी अग्निपरीक्षा

## 'काल बैसाखी' दिखाएगा अपनी सक्रियता

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रचंड गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान निर्वाचन आयोग के साथ ही सभी दलों के लिए गंभीर चुनौती है। इस बीच वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश के रूप में मौसम में अचानक बदलाव से उभरते संकेत और चेतावनी भी चिंतित करने वाली है। वह चेतावनी है 'काल बैसाखी' की। इसके लक्षण पूर्वोत्तर राज्यों, बिहार और झारखंड के साथ बनारस समेत पूर्वांचल के जिलों में भी प्रकट हो चुके हैं।

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के मौसम विज्ञानियों की नजर पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष के भी काल बैसाखी पर है। खास बात यह है कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए मतदान उसी अवधि में होना है जो काल बैसाखी की सक्रियता का समय होता है। यानी, अप्रैल मध्य से मई मध्य के कुछ दिन बाद तक।






### टकराती हैं दो वायु राशियां

बीएचयू के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार, नार्वेस्टर या काल बैसाखी में ठंडी, नम वायु और गर्म वायु राशि (आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ) में टकराहट होती है। उच्च तापमान वाली हवा के साथ पश्चिमी विक्षोभ की टकराहट का परिणाम होता है काल बैसाखी। इसके प्रभाव से मेघ गर्जना, वज्रपात, ओला वृष्टि और बारिश की घटनाएं होती हैं। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि काल बैसाखी मूल रूप से झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा की मौसमी घटना है जबकि उसका प्रभाव आमतौर पर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब तक दिखाई देता है।

### दिख चुका है तेवर

विशेषज्ञ मान रहे हैं कि बनारस, भदोही, प्रयागराज, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में बीते एक हफ्ते के दौरान बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश की घटनाएं काल बैसाखी की वजह से ही है। दूसरे शब्दों में, मौसम में जानलेवा होने की सीमा तक, अचानक परिवर्तन का छोटा सा संकेत है। पूर्वांचल के चंदौली, मिर्जापुर एवं सोनभद्र में चार की जाने भी जा चुकी हैं।

### समझें काल बैसाखी को

गर्मी के दिनों में अप्रैल तथा मई में उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में मेघ गर्जना, बिजली चमकने- गिरने एवं आंधी-तूफान (झंझावात) की गति से तेज हवा चलने को काल बैसाखी या नार्वेस्टर कहते हैं। इसकी दिशा मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम से होती है। प्रो. श्रीवास्तव बताते हैं कि काल बैसाखी का प्रभाव क्षेत्र बहुत बड़ा और व्यापक हो सकता है। जब अप्रैल-मई में हवा तूफान की शक्ल धारण कर ले, वज्रपात और बारिश से जान-माल की भारी तबाही दिखे तो वह काल बैसाखी का प्रभाव माना जाता है। यह तब होता है जब हवा में नमी बढ़ जाती है और तापमान भी बढ़ रहा होता है। पश्चिम बंगाल से काल बैसाखी शब्द का चलन हुआ माना जाता है। बैसाख में जब काले बादलों वाला मौसम 'बन जाता है तब उसे काल बैसाखी' कहा जाने लगा।

## हाथरस, फिरोजाबाद और औरैया की चुनाव रैलियों में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी

# गरीब भूखा मरता, आतंकवादी को खिलाते थे बिरयानी, माफिया के घर जाकर फातिमा पढ़ते

एजेंसी ▶▶ हाथरस

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाथरस, फिरोजाबाद और औरैया में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में लोकसभा चुनाव रैलियां कीं। इस दौरान वे कांग्रेस, बसपा और सपा पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश का विभाजन चाहती है। पहले गरीब के पैसे को कांग्रेस, सपा और बसपा के दलाल पैसा खा जाते थे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हाथरस, फिरोजाबाद और औरैया में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में लोकसभा चुनाव रैलियां की। इस दौरान वे कांग्रेस, बसपा और सपा पर खूब बरसे। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय में देश के लोग भूखे मरते थे और आतंकवादी बिरयानी खाते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा माफिया पर कार्रवाई करती है तो लोग उनके घर जाकर फातिमा पढ़ते हैं। हाथरस के सिकंदराराऊ में भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने विकास किया है।

योगी ने कहा कि कांग्रेस देश का विभाजन चाहती है। पहले गरीब के पैसे को कांग्रेस, सपा और बसपा के दलाल पैसा खा जाते थे। अब पैसा खाते में जाता है। पहले आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। कुछ लोग फातिमा पढ़ने लोगों के घर जाते हैं। कांग्रेस देश का विभाजन चाहती है। उन्होंने काग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि वह राम कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल खड़े करते हैं। काग्रेस मुसलमानों को उनके पसंद का खाना देनी की बात कर रही है।

### खास बातें

- कांग्रेस देश का विभाजन चाहती है
- पहले दलाल गरीबों के पैसे खाते थे, अब पैसा खाते में
- कांग्रेस संपत्ति का सर्वे कर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में

### पहले विकास नहीं होता था, डकार जाते थे राशि




*फिरोजाबाद में सीएम योगी ने कहा कि पहले विकास नहीं होता था, कांग्रेस, बसपा, सपा के चट्टे-बट्टे ही धनराशि डकार जाते थे। एक ही परिवार के लोगों ने विकास कार्यों पर लूट मचा रखी हुई थी। भाजपा जाति में योजना का लाभ सबको दिया जाता है। सबका साथ, सबका विकास जो मोदी जी का नारा था वह साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे खतरनाक हैं। संपत्ति का सर्वे कराकर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। संपत्ति आपके परिवार की है, जिसे बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटने का काम किया जाएगा।*

**अहेरिया समाज के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा**

सीएम योगी ने हाथरस के सांसद राजवीर दिलेर और उनके पिता किशन लाल को याद किया। सीएम ने कहा कि हाथरस के अहेरिया समाज पहले अनुसूचित जाति में शामिल किया गया था पर कांग्रेस ने वह खत्म कर दिया। प्रदेश सरकार ने उन्हें सम्मान दिलाने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा है।

### अब पाकिस्तान कहता है हमारा हाथ नहीं



औरैया में प्रत्याशी डॉ. राम शंकर कठेरिया की जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में सपा का समर्थन रहता था आतंकवादी विस्फोट करते थे। पाकिस्तान का हाथ होता था तो कांग्रेस कहती थी कि देखेंगे। अब कहीं पटाखा भी देश में फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले कहता है कि इसमें हमारा हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हमला हुआ, बजरंगबली के मंदिर वाराणसी में हमला हुआ, न्यायपालिका पर हमला हुआ, सीआरपीएफ कैंप रामपुर पर हमला हुआ। सपा ने मुकदमे वापस लेने के लिए प्रयास किया न्यायपालिका ने करारा जवाब दिया आतंकवादियों के मुकदमे वापस नहीं हुए।

### बैलेट पेपर लूटने का काम करने वाले, ईवीएम पर सवाल उठा रहे

**लखनऊ।** सीएम योगी ने ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सपा व कांग्रेस पर निशाना साधा है और कहा कि वो जब भी चुनाव हारते हैं ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं। अभी तक हुए मतदान में देश में फिर एक बार मोदी सरकार के रुझान नजर आ रहे हैं। जब भी कांग्रेस, सपा या इंडी गठबंधन से जुड़े दूसरे दल चुनाव हार रहे होते हैं तब ये हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास करते हैं। 2014 से लगातार आप ये बात सुन रहे हैं। गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी। क्या ये बैलेट पेपर से बनी थी? 2009 में केंद्र में यूपीए की सरकार बनी। क्या ये बैलेट पेपर से बनी थी? कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दावा

# भाजपा को अगले चरणों में 'बूथ एजेंट' तक नहीं मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



विपक्षी दलों के समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के यूपी में प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण में भाजपा को मतदाता नहीं मिले और अगले चरणों में उसे 'बूथ एजेंट' तक नहीं मिलेंगे।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद एक 'बूथ एजेंट' से बातचीत की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा कि भाजपा के नेताओं के 10 साल लगातार झूठ पर झूठ बोलने के बाद आज भाजपा का जो बुरा हाल हो रहा है, उस सच को बोलने की हिम्मत भाजपा का एक 'बूथ एजेंट' कर रहा है। यह 'बूथ एजेंट' कह रहा है कि इनके (भाजपा के) पक्ष में मतदान नहीं होने का कारण भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष है जिसकी वजह महंगाई- बेरोजगारी जैसे असल मुद्दे हैं।' यादव ने कहा कि पहले दो चरण के मतदान के बाद अगले चरणों में भाजपा का हाल और बुरा होगा। अभी दो चरण में भाजपा को मतदाता नहीं मिले, अगले चरणों में 'बूथ एजेंट' तक नहीं मिलेंगे। जनता ने भाजपा का बोरिया-बिस्तर और झोला सब बांध दिया है।

### डिंपल की बहन पूनम रावत ने किया चुनाव प्रचार



**मैनपुरी।** यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव के चुनाव प्रचार में बेटी अदिति यादव के बाद अब उनकी बहन पूनम रावत भी कूद पड़ी है। उन्होंने लोगों से साइकिल के चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने की अपील की। पूनम रावत, डिंपल यादव की छोटी बहन हैं। पूनम रावत ने कहा कि मुझे यहां आकर मैनपुरी की जनता से बहुत प्यार मिल रहा है। मुझे पूरा विश्वास हैं इतने सालों से जिस तरह से मैनपुरी की जनता ने नेताजी का समर्थन किया है, वो इस बार भी डिंपल यादव को साइकिल का बटन दबाकर पूरा सपोर्ट करेगी। उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा है डिंपल यादव अच्छे बहुमत से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि आज हमारे देश में लोगों के लिए नौकरियां नहीं है। हम चाहते हैं कि जो भी सरकार आए वो लोगों के रोजगार के लिए काम करे ताकि लोगों को नौकरी मिले। वो खुद भी फौज में रह चुकी है उन्होंने 20 साल तक फौज में सेवाएं दी है।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस और इंडी ...

की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं। इसलिए, ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब, एससी/एसटी और ओबीसी, विकास को समर्पित, युवाओं को अवसर और महिलाओं को सुविधा देने वाली हमारी सरकार है।

### धारा 370 बहाल ....

ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

### विपक्ष का एजेंडा- ....

साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस और इंडी अघाड़ी का एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ। जबकि हमने देश के विकास के लिए काम किया है।

### वे मेरी अर्थी निकालना...

है। मैं उनसे यह भी कहना चाहता हूं कि आप इस बात को समझ ले, मैं यहां पर राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मेरा जीवन का लगाव है। दिग्विजय सिंह ने लिखा- मैं चाहता तो मना कर देता कि चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन मेरे गृह क्षेत्र की जनता की उपेक्षा ने मुझे यह चुनाव लड़ने के लिए मजबूर किया। मैं आखिरी दम तक आपके बीच आपकी लड़ाई लड़ता रहूंगा, चाहे आप मुझे कंधे पर उठाएं या सिर आंखों पर बिठाएं। अब आपकी मर्जी है, लेकिन मैं सदैव आप का था और रहूंगा। गौर हो कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के खिलचीपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया था। जिसमें उन्होंने कहा- बहुत बार ये आए, बहुत बार ये गए। अब समय आ गया है इनको परमानेंट विदाई देने का। राजनीति से दिग्विजय सिंह की परमानेंट विदाई राजगढ़ वालों को करनी है। लेकिन मेरी एक रिक्वेस्ट है। राजनीति से उनकी परमानेंट विदाई जरूर करो, मगर आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले।

### हेलीकॉप्टर में चढ़ते...

में ममता को उनके आवास पर चोट लगी थी। परिसर में टहलने के दौरान वह गिर गई थी, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके भी लगाए गए थे। इससे पहले 2021 में चुनाव प्रचार के दौरान नंदीग्राम में उन्हें कुछ लोगों ने धक्का दिया था, जिससे उनके पैर में चोट लगी थी। रेयापारा में एक मंदिर के बाहर हुई इस घटना को उन्होंने साजिश का हिस्सा बताया था।

### चुनाव आयोग ने की...

में थी। यह गलती उन्हें जो मतदाता पर्ची मिली थी, उसमें भी छपी हुई थी। पहले तो राजेंद्र ने इसका विरोध किया और फिर पड़ोसी से मैक्सी, एक शॉल, हार, झुमके और धूप का चश्मा उधार लिया और उसे पहनकर वोट देने पहुंच गए। वह अपने हाथ में भारत के संविधान की एक कॉपी लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। राजेंद्र प्रसाद एक रिटायर पंचायत लाइब्रेरियन हैं जो अकेले रहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मुझे एक महिला के रूप में कैटेगराइज्ड किया है, इसलिए मैंने सोचा कि मैं अच्छे से इसका पालन करूं।

### जम्मू-कश्मीर के ...

डिप्टी कमिश्नर बसीर-उल-हक चौधरी ने घटना को प्राकृतिक आपदा बताया है।

**विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई:** डिप्टी कमिश्नर चौधरी ने कहा कि अधिकारियों ने जमीन धंसने की वजह जानने के लिए भूविज्ञान विशेषज्ञों को बुलाया है। प्रभावित आबादी के पुनर्वास और आवश्यक सेवाओं की बहाली की निगरानी के लिए अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की गई है। जमीन अब भी धंस रही है और बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं को बहाल करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हम पीड़ितों के लिए टेंट और अन्य सामान उपलब्ध कराएंगे तथा चिकित्सा शिविर भी लगाएंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं और अपने जीवन की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाएं। स्थानीय स्वयंसेवक राज्य आपदा मोचन बल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त घरों से सामान निकालने में प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं।

### नमो एप पर अनूठा...

मॉड्यूल पूरी तरह से यूथ-फ्रेंडली है। इस मॉड्यूल को एक इंटरैक्टिव कार्ड के रूप में विकसित किया गया है, जहां आप तस्वीरों को ऊपर या नीचे स्वाइप कर-अपने अमृत पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित कर सकते हैं। आप यहां परिवारवाद और भाई-भतीजावाद या भारत प्रथम, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या फ्रैजाइल 5, विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव या दुनिया के सामने सिर झुकाए भारत जैसे विकल्पों के बीच चयन करते हुए अमृत पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित कर सकते हैं।

## रामभक्तों के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था

# श्रीराम प्रसादम के पैकेट में पेड़ा, गुड़, लड्डू, चंदन और सरयू जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या



अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की अब विशेष व्यवस्था की जा रही है। भक्तों को श्रीराम प्रसादम के विशेष खूबसूरत केसरिया पैकेट में प्रसाद में रघुपति प्रसादम, खुरचन पेड़ा, राम दाना, गुड़, अयोध्या रज, हनुमानगढ़ी का लड्डू, चरण पादुका, लेमिनेटेड भगवान रामलला की फोटो, हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, चंदन व सरयू जल मिलेगा। अयोध्या जिले का स्वास्थ्य विभाग व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोग से जिला प्रशासन इसकी व्यवस्था कर रहा है। जिले के पूरा बाजार के सराय रासी की रानी लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस व्यवस्था का संचालन करेंगी। रामलला के दर्शन मार्ग से सटे श्री राम अस्पताल में इसके लिए प्रेरणा कैंटीन खोला जाएगा।

## सम्मान समारोह आयोजित




**नई दिल्ली।** ऑल अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने दिल्ली बॉर्डर पर स्थित टीकरी कलां गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर प्रतिभावान डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर काउंसिल के चेयरमैन डॉ महिपाल सिंह, वाईस चेयरमैन डॉ. शिवानी, डॉ. सुमन रोहिल्ला समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं मुख्य अतिथि रोशन लाल रोहिल्ला सेवानिवृत्त बीडीपीओ रहे। यूपीएससी एआईआर 39 की दीप्ति रोहिल्ला ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली बड़ी राहत लेकिन

# बरकरार रहेगी सात साल की सजा, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सात साल की सजा को बरकरार रखा है। वो अभी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। ऐसे में वह अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दी है।

बता दें कि वादी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में वो तीन माह जिला कारागार में बंद रहे। इसके बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत हुई। मामले में पुलिस ने विवेचना करके तीन माह के अंदर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी जमानत**



**अपहरण और जबरन वसूली मामले में सात साल की सजा**

जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दो अप्रैल 2022 को धनंजय और सहयोगी पर आरोप तय किए थे। इसके बाद 130 तारीखों की सुनवाई के बाद पांच मार्च 2023 को धनंजय समेत दो को दोषी पाया गया। इसके बाद छह मार्च 2024 को सात साल की सजा और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। शनिवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए उन्हें जमानत दे दी, हालांकि कोर्ट ने उनकी सजा पर लगाने से इनकार कर दिया, ऐसे में सात साल की सजा बरकरार रहेगी।

### पत्नी बोली जान को खतरा

*धनंजय सिंह को बरेली जेल भेज दिया गया है। इसे लेकर उनकी पत्नी और बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने पीएम मोदी से मंगलसूत्र की रक्षा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार में मेरे मंगलसूत्र और सिंदूर पर संकट है। मैं आपसे अपील करती हूं कि रक्षा करिए। उन्होंने जेल बदले जाने पर सवाल उठाए और कहा कि उनकी जान का खतरा बताया। उन्होंने कहा कि उनके पति धनंजय की हत्या की जा सकती है।*

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आर्थिक न्याय फार्मूले और उनके सहयोगी सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स के विचार ने आम चुनाव के दौरान राजनीतिक तूफान ला दिया है। भाजपा को बैठे-बिठाए कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि उसकी सरकार आएगी तो जाति जनगणना होगी। उसके बाद आर्थिक सर्वे होगा। राहुल ने कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की सम्मिलित आबादी करीब 90 फीसदी है, जिनकी देश की संपत्तियों में प्रॉपर हिस्सेदारी नहीं है। आजादी से पहले मुस्लिम लीग और आजादी के बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आनुपातिक हिस्सेदारी की मांग उठाई थी, जिसे उस वक्त कांग्रेस ने ठुकरा दिया था। राहुल के विचार में आंबेडकरवादी व साम्यवादी विमर्श का घालमेल है, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। विरासत टैक्स की बात करें तो वर्ष 1953 में इस्टेट ड्यूटी की शुरूआत हुई थी, वर्ष 1985 में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने खत्म कर दिया था। वर्ष 1998 उपहार टैक्स व वर्ष 2015 में वेल्थ टैक्स समाप्त किया जा चुका है। आर्थिक सिद्धांत के मुताबिक संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स जैसे आइडिया से आर्थिक असमानता दूर नहीं की जा सकती है, आर्थिक नीतियों के सुचारू संचालन से ही आर्थिक खाई पाटी जा सकती है। संपत्ति पुनर्वितरण व विरासत टैक्स के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को आक्रामक तरीके से घेरा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दोनों मुद्दों पर कांग्रेस ने एक बार फिर से सेल्फ गोल कर लिया है। इन मुद्दों के राजनीतिक असर का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# 'विरासत' कर के बवंडर का सच

वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।




**विश्लेषण**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

**संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है।**

कांग्रेस के रणनीतिकारों का जो भी मानना हो, लेकिन उसके विचार एवं व्यवहार इन दिनों लगातार आम व्यक्ति को हैरत में डालते हैं। अनेक गंभीर लोग बातचीत में प्रश्न करते हैं कि आखिर कांग्रेस को हो क्या गया है? संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है। आखिर वह कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी हैं और सोनिया गांधी परिवार के निकटतम लोगों में माने जाते हैं। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समानांतर विदेशों में प्रोजेक्ट करने , जगह-जगह उनका भाषण और पत्रकार वार्ताएं करने की पूरी कमान उनके हाथों में होती है। वह कह रहे हैं कि जब हम सामान वितरण की बात करते हैं तो हमें अमेरिका जैसे इन्हेरिटेंस टैक्स यानी उत्तराधिकार कर पर भी विचार करना चाहिए। उनके अनुसार यहां कई राज्यों में पिता की मृत्यु के बाद संपत्ति की विरासत संभालने वाले को 55 प्रतिशत तक कर देकर उसके हिस्से शेष 45 प्रतिशत आता है। इससे स्वाभाविक ही यह शंका गहरी हुई कि कांग्रेस सत्ता में आने पर वाकई विरासत कर भी लगा सकती है।

## नहीं मिलता मुद्दा

अगर राहुल गांधी ने अपने भाषणों और वक्तव्यों में लगातार जाति जनगणना के साथ वित्तीय एवं आर्थिक सर्वे की बात नहीं करते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा को इसे इतना बड़ा मुद्दा बनाने का अवसर नहीं मिलता। उनके भाषण और वक्तव्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें वह कह रहे हैं कि हम सत्ता में आने पर जाति जनगणना करेंगे और उसके बाद क्रांतिकारी कदम उठाएंगे, संपत्ति के समान वितरण के लिए वित्तीय सर्वेक्षण करा कर देखेंगे कि किसके पास किस वर्ग के पास कितनी संपत्ति है। इसके बाद जितना जिसका हक होगा उतना उसको दिया जाएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र यानी न्याय पत्र जारी होने के पूर्व और बाद में भी वह इस पर बोलते रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि आप से मिलना चाहता हूं ताकि मैं आपको अपना घोषणा पत्र समझा सकूं। खड़गे सहित कांग्रेस पार्टी के अंदर कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि हम वित्तीय



और आर्थिक सर्वे नहीं करेंगे तथा समान वितरण की भी बात हमारे एजेंडे में नहीं है। इसकी बजाय कांग्रेस के नेता प्रवक्ता लगातार भारत में उद्योगपतियों, अरबपतियों को निशाना बनाते हुए इनमें से कुछ के हाथों धन सिमट जाने के वक्तव्य दे रहे हैं। अगर सर्वेक्षण होगा तो फिर सर्वेक्षणकर्मी लोगों के घर में जाएंगे। घर वाले चाहें न चाहें उनकी एक-एक चीज देखी जाएगी। इसके अलावा अगर सर्वेक्षण का कोई तरीका कांग्रेस के पास है तो उसे बताना चाहिए। मंगलसूत्र जैसे शब्द व्यंग्यात्मक शैली में होते हैं। इनका इतना ही अर्थ है कि महिलाओं के आभूषण तक भी सर्वे में जाने जाएंगे। संपत्ति के विवरण के वैधानिक प्रावधानों में आभूषणों आदि की पूरी सूची और उसके मूल्य बताने ही पड़ते हैं। चूंकि राहुल गांधी अपनी घोषणा पर कायम हैं और कांग्रेस इससे पीछे नहीं हट रही तो सैम पित्रोदा के उत्तराधिकार कर से देश में भय पैदा हो गया है। कुछ लोगों ने तो यह भी तलाश लिया कि पहले भी भारत ने विरासत कर था और स्वयं पित्रोदा कोई नई बात का नहीं कह रहे हैं। प्रकारांतर से यह स्वयं पित्रोदा के विचार का समर्थन करना ही है । निश्चित रूप से था और यह अंग्रेजों का बनाया हुआ कानून था जो व्यवहार में नहीं उतर पाया तथा सरकारी विभागों में इतने मुकदमे हुए, जिनके खर्च उससे प्राप्त से ज्यादा हो गया। हालांकि प्रधानमंत्री का आरोप है कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्रीत्व काल में उसे इसलिए हटाया गया, क्योंकि उन्हें बिना कर दिए अपनी मां की संपत्ति का उत्तराधिकार लेना था। सच है कि पारिवारिक संपत्ति में से संजय गांधी के परिवार को शायद ही कुछ प्राप्त हुआ हो। यह ऐसा मुद्दा रहा है जिसे आरंभिक दिनों में मेनका ने उठाया था।

बहरहाल, भले अर्थव्यवस्था, समाज और देश के बारे में समझ रखने वाले इसे उचित न मानें लेकिन कांग्रेस के अंदर भाव यही है कि राहुल गांधी की इन घोषणाओं का देश के आम लोगों पर बड़ा प्रभाव है और उन्हें लगता है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो देश के धनी और संपन्न लोगों की संपत्तियां लेकर हमारे बीच बांटा जाएगा। वह मानते हैं कि इससे उनका वोट काफी बढ़ेगा और सत्ता में भी आ सकते हैं।

## न्याय और गारंटी तर्कसंगत नहीं

पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस की नीति और व्यवहार में पुरानी शैली के वामपंथियों की तरह संपत्तिवानों, उद्योगपतियों आदि के विरुद्ध घृणा और गुस्सा साफ परिलक्षित होता रहा है। उनको निशाना बनाया जाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी में कांग्रेस ने ऐसी-ऐसी बातें की है जिनको धरातल पर उतारना भारतीय अर्थव्यवस्था के बूते की बात नहीं है, लेकिन इस समय कांग्रेस के थिंक टैंक या सोनिया गांधी परिवार को सुझाव देने वाले मानते हैं कि कांग्रेस को पुराने वामपंथियों की तरह क्रांतिकारी तेवर धारण करना चाहिए तभी वह अपना खोया हुआ जनाधार वापस ला सकती है तथा भाजपा को हरा सकती है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है वह इसी सोच का विस्तार है। हमारी आपकी दृष्टि में अमेरिका एक पूंजीवादी देश है, लेकिन क्रांति हुए बिना वहां वामपंथियों की ताकत हमेशा सशक्त रही है। वहां ये सत्ता, प्रशासन, न्यायपालिका , मीडिया से लेकर पूरे थिंक टैंक पर हावी हैं। वहां के बड़े-बड़े पूंजीपति जिनमें जार्ज सोरोस जैसे लोग शामिल है, भी अपने प्रकट लक्ष्यों और घोषणाओं में आधुनिक वामपंथी ही है। उनकी दृष्टि की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में उनकी ही सोच की अर्थव्यवस्था, समाज के बीच संपत्ति का विभाजन, अल्पसंख्यकों के विशेषाधिकार आदि के लक्ष्य से भारत जैसे विकासशील देश में बदलाव के लिए अपने थिंक टैंक विकसित करते हैं और ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। उनका लक्ष्य ऐसे देश को सशक्त करना तो नहीं हो सकता।

विदेशों में उनके भाषण होते हैं, इसलिए यह मानने का कोई कारण नहीं है कि राहुल गांधी, कांग्रेस के दूसरे नेता या सैम पित्रोदा के साथ उनके संवाद नहीं होंगे। इस अतिवादी वाम सोच में ही अल्पसंख्यकों के लिए वैसे विशेष प्रावधानों की घोषणाएं हैं, जिन्हें देखकर भाजपा के लिए यह आरोप लगाना आसान हो गया है कि संपत्ति के सर्वे के पीछे राहुल गांधी और कांग्रेस का इरादा अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमानों के बीच ही उसे वितरीत करना है। इस पर बहस हो सकती है तथा पहली दृष्टि में कहा जा सकता है कि भाजपा जानबूझकर कांग्रेस को मुस्लिमपरस्त साबित करने के लिए ऐसा कर रही है, किंतु कांग्रेस ने अभी तक इस बात का खंडन नहीं किया है कि उसकी मंशा मुसलमानों को विशेष तौर पर धन के वितरण में या आरक्षण आदि में शामिल करना नहीं है। यूपीए सरकार के दौरान आप देखेंगे कि केंद्र से राज्यों की कांग्रेस सरकारों ने मुसलमानों के लिए अनेक प्रावधान किए, अनेक संपत्तियां अलग-अलग इस्लामी संस्थाओं को दी गई और उनके लिए सरकार के नियम कानून तक बदले गए। बाद में दूसरी सरकारों ने उनमें से कई संपत्तियां वापस ली और इनमें न्यायालय का भी साथ मिला।

## अराजकता की आशंका

भारतीय सभ्यता संस्कृति की परंपरागत व्यवस्था में संपत्तियों के अधिक संग्रह का आदेश नहीं था। परिश्रम से अर्जित करने पर रोक नहीं था, लेकिन उसके स्वामित्व की सीमाएं रहीं हैं तथा अर्जित संपत्तियों को भी सहकारी जीवन की तरह मिल बांटकर खाने की व्यवस्था रही है। वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।

# विपक्ष के मुद्दे सत्तापक्ष के आगे बेअसर



**मुद्दा**
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

मौसम गर्म हो गया है। पारा चालीस डिग्री के पार चला गया है, लेकिन दो चरण के मतदान के बाद भी चुनावी गर्मी वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए। राजनीतिक दलों और नेताओं के भाषणों में तो हीटवेव दिख रही है, लेकिन जनता में जो उत्साह होना चाहिए और चुनाव के वक्त जैसा होता है वो इस बार नहीं दिख रहा है। फर्स्ट फेज में कम वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने, नेताओं ने और सामाजिक संगठनों ने मतदाताओं को पोलिंग बूथ्स तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करने की कोशिशें की, लेकिन दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत और गिर गया। ये लोकतन्त्र के लिए अच्छा नहीं है। मतदाताओं का वोट डालने न जाना राजनातिक दलों के लिए भी परेशानी का सबब है। हालांकि सार्वजनिक तौर पर सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों इसे अपने-अपने लिए फायदेमंद बता रहे हैं। लेकिन परेशान दोनों पक्ष हैं। फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद मुद्दे, भाषा और अंदाज एनडीए का भी बदला है और इंडिया अलायन्स का भी।

## पहले चरण के बाद मुद्दे बदले

वोटिंग का दौर शुरू होने से पहले विकास बड़ा मुद्दा था। दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत, आतंकवाद, पाकिस्तान को सबक, आर्टिकिल 370 और राम मंदिर, ये बीजेपी के मुख्य मुद्दे थे। विपक्ष बेरोजगारी, मंहगाई, जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरूपयोग, विपक्ष की सत्ता वाले राज्यों के साथ भेदभाव, जातिगत जनगणना, भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी जैसे मुद्द उठा रहा था, लेकिन फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद अचानक बीजेपी ने गियर बदल दिया। अब सांप्रादियकता का मुद्दा, हिन्दू मुसलमान की बात सेंटर स्टेज में आ गई है। असल में कांग्रेस ने जो मैनिफेस्टो जारी किया है। उसमें आर्थिक समानता के लिए संपत्ति के सर्वे की बात कही गई है। जातिगत जनगणना का वादा है और उसके बाद आरक्षण की सीमा पर लगी पचास परशेंट की पाबंदी को हटाने की बात है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में साफ साफ तो नहीं लेकिन घुमाफिरा कर ये संकेत दिया गया है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का भी इस मामले में ख्याल रखेगी। बस बीजेपी ने इसी बात को पकड़ लिया। इसे समुदाय विशेष के आरक्षण से जोड़ दिया। बांसवाड़ा की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कहा कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति छीनकर अपने चहेतों को देना चाहती है। कांग्रेस दलित पिछड़े और आदिवासियों के हक का आरक्षण को छीनेगी और मुसलमानों को दे देगी। इसके बाद ये बड़ा मुद्दा बन गया। कांग्रेस और उसके साथी दल रक्षात्मक मुद्रा में आ गए। कांग्रेस के साथ असली दिक्कत ये है कि उसे मुस्लिम वोट भी चाहिए और हिन्दुओं के वोट के बगैर के उसका काम नहीं चलेगा, इसलिए कांग्रेस के नेता न ये कह सकते हैं कि वो मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे और न ये कह सकते हैं कि देंगे। इसी स्थिति का फायदा बीजेपी उठा रही है। पहले मोदी ने आन्ध्र प्रदेश में मुस्लिम रिजर्वेशन का हवाला दिया और फिर कर्नाटक का केस जनता के सामने रख दिया। कांग्रेस इस बात से इंकार नहीं कर सकती कि कर्नाटक में सभी मुस्लिम जातियों को आरक्षण मिल रहा है। हालांकि कर्नाटक में मुस्लिम जातियों को आरक्षण कांग्रेस के जमाने में नहीं



मिला। 1994 में ये फैसला हुआ था उस वक्त कर्नाटक में एचडी देवेगौड़ा की सरकार थी। देवेगौडा कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। जो अब बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस लोगों को ये बात नहीं समझा पा रही। क्योंकि इस वक्त तो कर्नाटक में कांग्रेस की ही सरकार है। कांग्रेस का तर्क ये है कि मुसलमानों को आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर मिल रहा है, लेकिन फिर सवाल ये है कि कुछ जातियों गरीबी और पिछड़ेपन का शिकार हो सकती है कि आरक्षण के दायरे में सारी जातियों को क्यों लाया गया। कांग्रेस का तर्क है कि तीस साल में 16 साल बीजेपी की सरकार रही। बीजेपी ने कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण खत्म क्यों नहीं किया। हकीकत ये है कि बीजेपी ने बहुत ही चालाकी से 2023 के चुनाव से पहले मुसलमानों का आरक्षण खत्म करके वोकालिंगा और लिंगायत समाज को दो दो फीसदी आरक्षण दिया था। मुस्लिम जातियों के लिए नई कैटेगरी बना दी, लेकिन मामला कोर्ट में चला गया और सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। फिर कांग्रेस की सरकार आ गई और अब तक मुस्लिम्स को रिजर्वेशन मिल रहा है इसीलिए कांग्रेस इस मुद्दे पर घिर गई है। अब कॉमन सिविल कोड, सीएए, एनआरसी भी चुनाव के बड़े मुद्दे बन गए हैं। बीजेपी के नेता उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड लागू होने के हवाला देते हैं। देश भर में सीएए को सख्ती से लागू करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि सीएए का हमारे देश के नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है, ये कानून सिर्फ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों से भागकर आए हिन्दू सिख बौद्ध जैन और पारसियों के लिए है, लेकिन विपक्ष इसे मुसलमानों के खिलाफ बताकर इसका विरोध कर रहा है।

## मुद्दों की काट

असल में बीजेपी ने बहुत ही कारगर रूप से विपक्ष के उन मुद्दों की काट खोजी है जिनसे बीजेपी को नुकसान की आशंका थी। कांग्रेस जातिगत जनगणना करवा कर भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी देने का दावा कर रही थी। मतलब दलित पिछड़े और आदिवासी वोट बैंक पर खतरा था। अखिलेश यादव भी यूपी में पीडीए को मुद्दा बना रहे थे। कांग्रेस ने आर्थिक सर्वे करवा कर संपत्ति के समान बंटवारे का वादा किया था। लेकिन बीजेपी ने इसे हिडेन एजेंडा बता दिया। कांग्रेस के आर्थिक सर्वे के वादे को मंगलसूत्र से जोड़ दिया। अब मनोमहन सिंह के बयान का वीडियो भी घुमाया जा रहा है जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों, अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों का है। मोदी ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो, राहुल गांधी के भाषण और मनमोहन सिंह के बयान को निकाल कर जो घुट्टी बनाई है। वो कांग्रेस के लिए गले की हड्डी बन गई है।

कुल मिलाकर चुनाव वोटिंग के शुरूआती चरण में ही सांप्रादियकता पर आ गया। जो चुनाव विश्लेषक हैं, शुरूआत में वो कह रहे थे कि इन मुद्दों के सेंटर स्टेज पर आने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। पोलराइजेशन होगा और दोनों तरफ से मतदाता बड़ी संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे, लेकिन सेकेन्ड फेज की वोटिंग में इसका उल्टा हुआ। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, बंगाल और कैरल जहां पोलराइजेशन का असर सबसे ज्यादा दिखना चाहिए था वहां मतदान प्रतिशत गिरा। इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मुस्लिम वोटर्स तो बड़ी संख्या में पोलिंग स्टेशन तक पहुंचा लेकिन बीजेपी का वोटर घर से नहीं निकला। दूसरा अंदाजा ये है कि देश में जिस तरह का माहौल है और दस साल की सरकार के बाद जब वोटिंग कम होती है तो इसका फायदा सत्ताधारी दल को होता है। हकीकत में क्या होगा ये तो चार जून को पता लगेगा, लेकिन अब तक कैंपेन में जो दिखा उससे इतना तय हो गया है कि हमारे देश में विकास की बातें कितनी भी हों, योजनाएं कितनी भी अच्छी हों लेकिन चुनाव हिन्दू-मुसलमान के इश्यू के बगैर नहीं होता।

# राहुल-पित्रोदा इंडी गठबंधन पर भारी पड़ेंगे



**असर**
मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस की तरफ से उछाले गए संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स के विचार कांग्रेस के साथ-साथ इंडी गठबंधन को भी भारी पड़ सकते हैं। भाजपा ने जिस तरह से कांग्रेस को घेरा है, अगले पांच चरण के चुनाव में इसका असर अवश्य दिखाई देगा। कहते हैं कि इंसान में अनुभव से समझ विकसित हो जाती है, लेकिन कांग्रेस के नेता व कथित नेहरू गांधी परिवार के चश्मे चिराग राहुल गांधी पर यह बात लागू नहीं होती है। हालांकि इस बार उन्होंने होमवर्क करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन इसके बावजूद उनकी जुबान से निकल रहे बयान कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर ही भारी पड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के एक सलाहकार और मास्टर माइंड सैम पित्रोदा ने ऐसे समय में माता पिता से मिलने वाली संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की बात कहकर सारे खेल को ही बिगाड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको हाथों हाथ लिया है और प्रहार किया है है कि 'कांग्रेस का मंत्र लूट है, जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। राहुल और उनके सलाहकार देश के मध्यम वर्ग पर और अधिक टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी विरासत टैक्स लेने की कांग्रेस की योजना है। कांग्रेस का पंजा आपके बच्चों का अधिकार छीनने के लिए व्याकुल है'।

चुनावी माहौल देखकर ऐसा लगता है मानो विपक्षी दलों का कुनबा इंडी गठबंधन सत्ताधारी दल से मुकाबला करने में जूझ रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने तो गरीब महिला मतदाताओं को रिझाने के लिए 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर डाली है। आरक्षण की सीमा तोड़कर 50 प्रतिशत से आगे ले जाने, जाति आधारित जनगणना जैसे वादे भी कांग्रेस कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने हर बात को इस तरह पेश किया है कि कांग्रेस जो भी कह या कर रही है, वह देश के लिए अत्यंत खतरनाक है।

## बार-बार ऐसी गलतियां

वामपंथी सोच वाले सलाहकारों से घिरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अति-उत्साह में कई बार ऐसी बातें बोल जाते हैं, जिनसे भाजपा को बड़ा मुद्दा मिल जाता है। एकाध बार हो जाए तो वह चूक या गलती मानी जा सकती है, किन्तु राहुल से बार-बार ऐसी गलतियां होती हैं, जिनका लाभ भाजपा उठाती है। अब चुनावी सभा में राहुल ने कह दिया कि सत्ता में आने पर अमीरों का धन लेकर गरीबों में बांट देंगे। 7 अप्रैल को हैदराबाद में राहुल ने कहा, 'हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे।' अब भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस पार्टी



की नजर आम आदमी की कमाई पर है, वह उसे छीनना चाहती है।

## विपक्ष पर हमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में चुनावी जनसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, 'मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी)का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र है। वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं, उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक कह रही है कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन में लागू करना चाहते हैं।' भाजपा ने यह भी कहना शुरू कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, अब कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनको बांटने की तैयारी कर रही है।

## सवाल यह भी है

कल्पना कीजिए कि यदि महिला वर्ग में यह धारणा घर कर गई कि कांग्रेस की नजर वास्तव में उनके गहनों पर है, तो क्या कोई महिला कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देगी? केवल महिलाएं ही क्यों, यदि उच्च मध्यम वर्ग एवं अभिजात्य वर्ग में भी यह विचार आ गया तो वे भी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। यह तो असल में अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा हो गया। बची कसर उनके तकनीकी गुरु सैम पित्रोदा ने कर दी है, जो इन दिनों अमेरिका में हैं। उनके बयान भी पैतृक सम्पत्ति पर कर लगाने की बात कर रहे हैं। पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की फजीहत और बढ़ा दी है। एक और कांग्रेस अपने नेता के बयान पर सफाई देने में जुटी थी इस बीच पित्रोदा भी फूट पड़े और सारा रायता दोबारा बिखर गया है।

## शब्दों का चयन

राहुल को अपने शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करने की जरूरत है। उन्होंने धन के बंटवारे का जो शिगूफा छोड़ा है, वह न व्यावहारिक है और न ही उचित। यदि परिश्रम कर कमाने वालों का धन छीनकर निठल्लों को देने लगे तो देश में क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना मात्र डराने वाली है। ऐसी अराजकता पैदा करने वाली योजनाओं के बारे में सार्वजनिक दावे कोई भी राजनीतिक तौर पर परिपक्व नेता तो नहीं करेगा। रूस, वेनेजुएला की हालत लोग देख चुके हैं। अब भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस सफाई देती रह जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं, उनका मुकाबला कर पाना राहुल जैसे नौसिखिए और समय की नजाकत से बेख़बर उनके कांवेंट शिक्षित सलाहकारों के वश की बात नही है। ऐसे कमजोर रणनीतिक माहौल में उन क्षेत्रीय दलों का भी नुकसान हो सकता है, जो अपने बूते पर मतदाता के बीच वजूद रखते हैं, लेकिन अपने गठबंधन के नेता के ऐसे बयान उनके वोटर्स को भी भ्रमित कर सकते हैं ऐसे गठबंधन को कौन वोट देगा, जिसके नेता माता पिता की सौंपी विरासत पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस की सोच सही समय पर सामने आ गई है अब इंडी और कांग्रेस दोनों की लुटिया डूबनी तय है।

## गुजरात के पोरबंदर में गृहमंत्री अमित शाह ने मनसुख मांडविया के समर्थन में की रैली

# देश से आतंकवाद-नक्सलवाद हो जाएगा खत्म, जल्द ही भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी 'अर्थव्यवस्था'

एजेंसी ▶▶| पोरबंदर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में चुनाव प्रचार किया।

इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। गृह मंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनाएंगे। शाह ने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में पोरबंदर में रैली की। गृह मंत्री ने कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया।

अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून का नदियां बह जाएंगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा शाह ने कहा कि खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। अब देश में विकास की केवल गंगा बहेगी, घोटालेबाजों को किसी सूरत पर नहीं छोड़ा जाएगा

### मनमोहन सिंह सरकार के काम का जिक्र भी किया

### पीएम मोदी ने पाकिस्तान को उसकी 'हद' याद दिला दी



### कांग्रेस को घेरा

जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब कोई भी पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर जाता था और यहां बम विस्फोट को अंजाम देता था। भाजपा नेता ने आगे कहा कि जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उड़ी पर हमला किया तब वे भूल गए थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दस दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान की मिट्टी से आतंकवाद को ही खत्म कर दिया।

### मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील

इस दौरान शाह ने रैली में मौजूद लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने का काम किया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। अमित शाह ने गारंटी दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले आएंगे।



तैयारियों पर बैठक

### राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को दाखिल करेंगे नामांकन

लखनऊ। संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह 9 बजे सभी लोग एकत्रित होंगे।सुबह 10 बजे रथ पर वरिष्ठ नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से लेकर पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। नामांकन की तैयारी के तहत हलवासिया कोर्ट में लखनऊ महानगर अध्यक्ष ने बैठ की।

### खरगे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा

### अमेठी और रायबरेली में उम्मीदवारों की घोषणा जल्द की जाएगी



गुवाहाटी। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कहती है कि भ्रष्टाचारियों को जेल में डाला जाना चाहिए, लेकिन जब वे भगवा पार्टी में शामिल होते हैं तो उन्हें गोद में बिठाया जाता है। पद दिया जाता है।

### वलसाड की रैली में गरजीं प्रियंका

### भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान बदल देगी और हक छीन लेगी

धरमपुर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वलसाड की रैली में भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान को बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी। प्रियंका ने आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर गांव में एसटी सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा कि भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे।



## कई सिख नेता भाजपा में शामिल, नड्डा ने किया स्वागत

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के सदस्य जसमीत सिंह नोनी, हरजीत सिंह पप्पा, भूपिंदर सिंह गिन्नी, अमनजोत सिंह सहित कई सिख नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, सिख प्रहरी के रूप में देश की सेवा करते हैं, देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया है। प्रत्येक आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया है।सिखों के भाजपा में शामिल होना गौरव की बात है। भाजपा एक मात्र पार्टी है जो देश की एकता और अखंडता के लिए काम करती है, सिखों के शामिल होने से यह काम और मजबूती से होगा। सभी पार्टियां विभिन्न धर्मों को जोड़ने के लिए झूठे वादे करती है। भाजपा सिखों के हित में काम करती है। प्रधानमंत्री का सिखों और पंजाब से विशेष लगाव है।

### दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी




### करतारपुर साहिब बनाकर लोगों के इंतजार को खत्म किया

नड्डा ने कहा कि हरमंदिर साहिब में पूरे विश्व से लोग अपना दान दे सके उसके लिए बाधा दूर की। लंगर पर टैक्स नहीं लगाने फैसला। 70 वर्षों से लोग करतारपुर साहिब के दर्शन का इंतजार कर रहे थे। पीएम मोदी ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाकर यह संभव किया। 1984 में सिखों की हत्या के दोषी जेल में जा रहे हैं। गुरु गोविंद सिंह के छोटे पुत्रों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

### दिल्ली और पंजाब के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री तरुण चुग ने कहा कि वह दिन लोग नहीं भूल सकते जब कांग्रेस ने हरमंदिर साहिब पर टैंक से हमला किया था, दिल्ली में 1984 में सिखों की सामूहिक हत्या की गई। हत्यारों को कांग्रेस ने बचाने के साथ उन्हें पद दिया गया।

कमलनाथ को केंद्र में मंत्री और मध्यप्रदेश का सीएम बनाया गया। जगदीश टाइटलर को भी पद दिया गया। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद सिखों की हत्या करने वालों को सजा मिल रही है। इस चुनाव में एक तरफ सिखों की हत्या करने वाले हैं और दूसरी तरफ उन्हें न्याय देने वाला।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा

### मेरी गर्दन काटना चाहते थे...

बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अकाउंट में टेक्नोलॉजी को शुरू किए जाने से एक वक्त पर चार्टर्ड अकाउंटेंट उनसे इतना ज्यादा खफा हो गए थे। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, बेंगलुरु में कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बही खातों को रखने में टेक्नोलॉजी की शुरुआत करने पर उनकी गर्दन उतार लेना चाहते थे। सीतारमण ने कोविड-19 के दौरान कंपनियों के भुगतान पर रोक, संप्रभु कर्ज गारंटी आदि के दौरान खातों को संतुलित और स्थिर रखने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंटों की कोशिशों पर भी रोशनी डाली।



### ओवैसी का भाजपा पर निशाना

### मंगलसूत्र की बात करेंगे तो चुप नहीं रहेंगे, हम घुसपैठिए नहीं

हैदराबाद। इस लोकसभा सीट से उम्मीदवार और एआईएमआईएम चीफ असुदद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। ओवैसी ने कहा कि मेरा मुंह न खुलवाएं। अगर बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी। पीएम मोदी मुसलमानों को घुसपैठिया कहते हैं। अगर तुम्हारे मुंह में जुबान है तो मेरे मुंह भी जुबान है। भाजपा ने कांग्रेस और विपक्ष पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है।



## खबर संक्षेप


### रांची में बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी, 15 जख्मी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां मांडर थाना क्षेत्र के चुंद गांव में बच्चों से भरी एक स्कूल बस असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा बच्चे जख्मी हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त बस से बच्चों को निकाल कर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### हाईवे पर बस में भीषण आग, 36 यात्री सुरक्षित

मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस हाइवे पर जा रही एक बस आग की चपेट में आ गई। इसमें 36 यात्री सवार थे। निजी कंपनी की ये बस मुंबई से पुणे जा रही थी। जैसे ही ये बस वडगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले आड़े गांव में पहुंची तो इसका टायर फट गया और शॉर्ट सर्किट भी हो गया। शॉर्ट सर्किट होने से बस में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान सभी यात्री किसी तरह बाहर निकल आए।



### देवबंद ले जा रहे थे 93 बच्चे पुलिस ने कराया मुक्त

नई दिल्ली। बिहार के अररिया से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के देवबंद मदरसे ले जाए जा रहे 93 बच्चों को अयोध्या पुलिस ने चेकिंग के दौरान बस से मुक्त कराया। सभी बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं। इनको देवबंद के किसी मदरसे में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बस को कोतवाली नगर के देवकाली के पास रोककर तलाशी ली। आधार कार्ड चेक किए।



### केंद्रीय मंत्री अनुराग ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर उठाए सवाल

## घोषणा पत्र में विदेशी ताकतों का हाथ देश को जाति और क्षेत्रवाद में बांट रहे

*हमीरपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कहा कांग्रेस 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग में घिरी*

एजेंसी ▶▶| हमीरपुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कांग्रेस के हाथ के साथ विदेशी ताकतों का भी हाथ नजर आता है। जो आपके बच्चों की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहते हैं। देश को परमाणु हथियार से खत्म करना चाहते हैं। कहा कि देश को जातिवाद और क्षेत्रवाद पर बांटना चाहते हैं।

हमीरपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में अनुराग ने कहा कि 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग ने कांग्रेस को पूरी तरह से घेर लिया है और उनकी विचारधारा को हाईजैक कर लिया है। आपको तय करना है कि आप कांग्रेस के 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग के साथ जाना चाहते हैं या हैं या एक भारत, श्रेष्ठ भारत में विश्वास रखने वाले नरेंद्र मोदी के साथ। यह बात हमीरपुर में पत्रकारों के सवाल के जवाब में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने बिना बात जो मुद्दा खड़ा किया था वह अब धराशाई हो गया है।

ठाकुर ने कहा कांग्रेस के घोषणा पत्र में कांग्रेस के हाथ के साथ विदेशी ताकतों का भी हाथ नजर आता है। जो आपके बच्चों की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहते हैं।



### धर्म के आदार पर किसी को नहीं दे सकते लाभ

आपको तय करना है कि बच्चों की संपत्ति उनके पास रहनी चाहिए या मुसलमानों को मिलनी चाहिए। अनुराग ने कहा कि हमने मुसलमानों को सभी अधिकार दिए, लेकिन हमने इसे धर्म के आधार पर नहीं दिया क्योंकि ये उनका अधिकार था। जब राजीव गांधी पीएम बने तो कानून था कि 55 फीसदी संपत्ति सरकार को मिलेगी, लेकिन उन्होंने इस कानून को खत्म कर दिया और अपनी संपत्ति बचा ली। अब राहुल ने शादी नहीं की इसलिए उन्होंने आपके बच्चों की संपत्ति छीनना चाहते हैं।

### ईवीएम के मुद्दे पर कोर्ट का निर्णय विपक्ष को करारा जवाब

विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से करारा जवाब मिला है। मुद्दों से भटकाने का कार्य विपक्ष की तरफ से किया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि वीपीपैट की सभी पर्चियों को मिलाने की जरूरत नहीं है। भ्रम और भय फैलाने का कार्य विपक्ष ने किया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार में बम धमाके आम बात हो गई है। पश्चिम बंगाल में आतंकवादियों को पनाह दी जा रही है। यहां आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। ममता बनर्जी भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं को बचाने के लिए उनका पक्ष ले रही हैं। कर्नाटक में बम धमाकों का संरक्षण पश्चिम बंगाल में दिया जा रहा है।

### मुकेश अग्निहोत्री मामले में बोले- कांग्रेस तय करे कौन लड़ेगा

मुकेश अग्निहोत्री के लोकसभा चुनाव लड़ने के इनकार के सवाल पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह कांग्रेस ने तय करना है कि चुनाव कौन लड़ेगा? उन्होंने कहा कि कर्नाटक में बम धमाकों में कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस का राज्यसभा सांसद जब कर्नाटक में चुना गया तो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए हैं। भाजपा नेताओं के खिलाफ फर्जी केस दर्ज किए जा रहे हैं। तुष्टीकरण की राजनीति कांग्रेस द्वारा की जा रही है। आतंकवादी संगठनों का समर्थन लेकर लोकतंत्र की हत्या कांग्रेस की ओर से की जा रही है। कांग्रेस ने राजनीति के स्तर को गिरा दिया है।

बम, हथियार मिलने पर ईसी से टीएमसी बोली

## बरामद हथियार जांच एजेंसी ने गुप्त रूप से रखे थे, ये गलत!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की ममता सरकार सीबीआई के खिलाफ चुनाव आयुक्त का दरवाजा खटखटाया है। टीएमसी ने शिकायत में कहा है कि सीबीआई ने ऐसे समय में विपक्ष के अभियानों का गला घोंट रही है। जब देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं।

ये शिकायती पत्र टीएमसी ने चुनाव कमिश्नर को गुरुवार शाम को भेजा था। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें अब निलंबित शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों के खिलाफ जबरन वसूली, जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। संदिग्धों से जुड़े ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी के बाद यह कदम उठाया था। संघीय एजेंसी ने विदेशों में बने हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था, जिसके बाद एनएसजी कमांडो की टीमों को मौके पर तैनात किया गया है। कथित बरामद हथियार एजेंसी ने गुप्त रूप से रखे गए थे।

### आपके दफ्तर ने आंखें मूंद ली

शिकायत में कहा है, आपके दफ्तर ने आंखें मूंद ली हैं, जबकि खासकर चुनाव के दौरान केंद्रीय जांच एजेंसियां देश भर में कहर बरपा रही हैं। टीएमसी ने चिट्ठी में लिखा, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान के दौरान खासकर बंगाल में, मतदाताओं को दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट, इन तीन सीटों पर मतदान करना था। इस दौरान सीबीआई ने जान-बूझकर संदेशखाली में एक खाली जगह पर बेईमानी से छापेमारी की।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट

## दक्षिण भारत में जल संकट जलाशयों में बचा 17% पानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है। क्षेत्र में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता का केवल 17 प्रतिशत रह गया है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली। दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 अरब घन मीटर है। इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और 10 साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है।

तिरुपति में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति

### बौद्धिकता के साथ आध्यात्मिक शांति के लिए कर रही प्रेरित

## अलौकिक भाषा संस्कृत आध्यात्मिकता की हमारी खोज में एक 'पवित्र सेतु' के रूप में कार्य कर रही

### संस्कृत आज की जिंदगी में शांति प्रदान कर रही

एजेंसी ▶▶| तिरुपति

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि संस्कृत अलौकिक भाषा है और यह हमारी आध्यात्मिकता की खोज एवं परमात्मा से जुड़ने के प्रयासों में एक पवित्र सेतु के रूप में कार्य करती है।

### खास बात

- उन्होंने संस्कृत को झंझावातों में मानव सभ्यता के लिए एक सांस्कृतिक आधार के रूप में वर्णित किया।



### मानव सभ्यता को मजबूत आधार दे रही

तिरुपति में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने संस्कृत को झंझावतों में मानव सभ्यता के लिए एक सांस्कृतिक आधार के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आज के ऊहापोह भरे दौर में, संस्कृत एक अद्वितीय शांति प्रदान करती है। वह आज के संसार से जुड़ने के लिए हमें बौद्धिकता, आध्यात्मिक शांति, और स्वयं के साथ एक गहरा संबंध बनाने के लिए प्रेरित करती है।

### पवित्र तिरुमाला मंदिर में दर्शन

दीक्षांत समारोह के पूर्व धनखड़ ने पवित्र तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि तिरुपति में ही व्यक्ति दिव्यता, आध्यात्मिकता और उदात्तता के सबसे निकट आता है। मंदिर में दर्शन के दौरान मुझे यह अनुभव हुआ। मैंने खुद को धन्य महसूस किया और सभी के लिए आनंद की प्रार्थना की।

### कई गणमान्य रहे उपस्थित

इस अवसर पर राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एन. गोपालस्वामी, आईएएस (सेवानिवृत्त), राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जीएसआर कृष्ण मूर्ति, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) तिरुपति के निदेशक प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, संकाय, विश्वविद्यालय कर्मी और छात्र तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड का दमदार प्रदर्शन, दिया बंपर रिटर्न

*रिटेल निवेशकों ने किया कमाल, स्मॉलकैप में लगी रकम 83% बढ़ी ● मार्च में रिकॉर्ड निकासी के बाद भी नहीं घटी निवेशकों की कमाई ● इस साल स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ बढ़ी ● मार्च 2024 में फोलियो की संख्या 1.9 करोड़ तक पहुंची ● एक साल पहले 1.09 करोड़ थी, इसमें 81 लाख इजाफा हुआ ● म्यूचुअल फंड में रिटेल निवेशकों की भागीदारी में उछाल*

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह निवेशकों को छप्पर फाड़ रिटर्न दे रहा है। स्मॉल-कैप फंड्स ने 1 साल में 70% तक रिटर्न दिया है। इसमें निवेश कर निवेशक मालामाल हो रहे हैं। मार्च में रिकॉर्ड निकासी के बावजूद भी स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड में निवेशकों का क्रेज यानी दिलचस्पी कम नहीं हो रही है। इसका कारण है, इस फंड में लगातार रिटेल निवेशकों की भागेदारी का बढ़ना। जो इस स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड को लोगों के बीच लोकप्रिय बना रहा है और अच्छी कमाई भी करवा रहा है। लगातार रिटेल निवेशकों की भागीदारी में उछाल और बाजार में तेजी से मार्च 2024 के अंत में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड कैटिगरी की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गई। यह सालाना आधार पर 83 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाता है। संपत्ति में वृद्धि को निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी ने ताकत दी। मार्च 2024 में फोलियो की संख्या 1.9 करोड़ तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 1.09 करोड़ थी। इसमें 81 लाख इजाफा हुआ। यह स्मॉल-कैप फंड के प्रति निवेशकों के रुझान को दिखाता है।



## निवेशकों को मिल रहे अवसर

बाजार के जानकारों को कहना है कि इस समय भारत की अर्थव्यवस्था लगातार तेजीर से बढ़ रही है। इसलिए निवेशक भी स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। लोग लगातार एसआईपी या लंपसप निवेश कर रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था का वृद्धि पथ लोगों की बढ़ी हुई रुचि को दिखाता है। इससे कई गैर-सूचीबद्ध स्मॉल-कैप कंपनियां पूंजी बाजार से समर्थन मांग रही हैं। यह प्रवृत्ति दीर्घकालिक विकास संभावनाओं पर नजर रखने वाले निवेशकों को आशाजनक अवसर प्रदान करती हैं। हालांकि आम चुनाव, मॉनसून पूर्वानुमान, आर्थिक गतिविधि, इंफ्लेशन, जीडीपी अनुमान और वित्त वर्ष 2024-25 की आय वृद्धि जैसे फैक्टर स्मॉल-कैप कंपनी के वैल्यूएशन को प्रभावित कर सकते हैं और इस कैटिगरी में अस्थिरता ला सकते हैं। हालांकि इस सबके बावजूद स्मॉल-कैप कंपनियां ग्रोथा हासिल करने में सक्षम होंगी। इसमें निवेश अभी फायदे का सौदा हो सकता है। हालांकि एक्सपर्ट्स साफ कहते हैं कि थोड़ा रिस्क लेने की क्षमता रखने वाले लोगों को ही इनमें निवेश करना चाहिए।

### 40,188 करोड़ का इनफ्लो

वित्त वर्ष 2023-24 में स्मॉल-कैप फंड में 40,188 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखा गया, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 22,103 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि मार्च के महीने में स्मॉल-कैप फंड में दो साल में पहली बार 94 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली भी देखी गई। असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड की एयूएम मार्च 2023 के अंत में 2.43 लाख करोड़ रुपये और मार्च 2022 में 1.33 लाख करोड़ रुपये थी।

### क्या है वजह

शेयर बाजार में निवेशकों का पैसा बढ़ा है। इसके चलते इक्विटी रूट के जरिए निवेशकों का पैसा आ रहा है और बाजार में स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में अच्छा रिटर्न मिल रहा है। इसके चलते स्मॉलकैप और मिडकैप म्यूचुअल फंड में भी इंवेस्टमेंट बढ़ रहा है।

### बढ़ रही रिटेल निवेशकों की दिलचस्पी

म्यूचुअल फंड में रिटेल निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी के कारण पिछले पांच साल में फोलियो की संख्या दोगुनी हो गई है। रिसर्च फर्म आईसीआरए के अनुसार मार्च 2024 तक म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो की कुल संख्या 17.79 लाख करोड़ हो गई। मार्च 2020 में इसकी संख्या 8.97 लाख करोड़ थी। आईसीआरए एनालिटिक्स ने कहा कि रिटेल निवेशक म्यूचुअल फंड के जरिये इक्विटी और बॉन्ड में निवेश करने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। फोलियो की लिस्ट में इक्विटी ओरिएंटेड फंड 68.7%, ईटीएफ 11.7% और हाइब्रिड स्कीम में 7.7% हिस्सेदारी है। मार्च 2024 तक इसके एयूएम पिछले पांच वर्षों में दोगुनी से अधिक होकर 53.40 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मार्च 2020 में यह 22.26 लाख करोड़ रुपये थी।

### क्या हैं स्मॉल-कैप फंड


स्मॉल-कैप म्यूचुअल वे फंड होते हैं, जो छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। यानी ऐसी कंपनियां जिनके शेयरों की वैल्यू काफी कम है। इन्हें हम स्मॉलकैप कंपनियां कहते हैं। हालांकि, शेयर बाजार में लिस्टेड ऐसी कंपनियों के कारोबार में बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं का आकलन करने के बाद ही इनकी पहचान की जाती है। मार्केट कैप के लिहाज से शेयर बाजार की शीर्ष 250 कंपनियों को छोड़कर बाकी में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड अपने निवेश की रकम का 65% तक छोटी कंपनियों में लगाते हैं। इसके बाद बची 35% रकम को फंड मैनेजर मिड या लार्ज कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

### लम्बे समय के लिए निवेश फायदेमंद

कम समय में ज्यादा रिटर्न के लिए स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड स्कीम्स का रुख न करें। इसमें आपका नुकसान होना तय है। अगर आपकी लंबे समय तक निवेश की योजना है और जोखिम लेने की क्षमता हो तभी इन स्कीम्स का रुख करें। इनमें ज्यादा जोखिमछोटे कैप स्टॉक जोखिमपूर्ण होते हैं, क्योंकि उनमें कम कारोबार होता है। उदाहरण के लिए, एक कंपनी के पास एक अनूठी सेवा/उत्पाद हो सकता है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त वित्त नहीं हो सकता है। तो, कभी-कभी धन की कमी एक बिजनेस को विफल कर देती है। लार्ज कैप शेयरों की तुलना में छोटे कैप स्टॉक ज्यादा अस्थिर होते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसमें एसआईपी के जरिए निवेश करना ज्यादा सही रहता है।

### एसआईपी के जरिए निवेश सही

म्यूचुअल फंड में एक साथ पैसा लगाने के बजाए सिस्टमेंटिक इनवेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी के जरिए निवेश करना चाहिए। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित अमाउंट इसमें लगाते हैं। इससे रिस्क और कम हो जाता है क्योंकि इससे इस पर बाजार के उतार चढ़ाव का ज्यादा असर नहीं पड़ता। इसलिए एसआईपी के जरीये निवेश बेहतर है।



# लार्ज-कैप पर बढ़ रहा निवेशकों का भरोसा!

- बड़ी कंपनियों के शेयरों और ईटीएफ में लगातार बढ़ रहा निवेश
- सेबी के 'स्ट्रेस टेस्ट' के नतीजे भी निवेशकों को प्रभावित कर रहे
- सेबी के स्मॉल-कैप के मूल्यांकन पर लगाम लगाने के प्रयासों का असर मार्च 2024 में दिखा, निवेश कम हुआ

बचत

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार नियामक सेबी के छोटे शेयरों वाली स्कीम (स्मॉल-कैप) के अत्यधिक मूल्यांकन पर लगाम लगाने के प्रयासों का असर निवेशकों पर दिखने लगा है। अब निवेशकों का रुझान लार्ज-कैप की और बढ़ने लगा है। अगस्त 2021 के बाद पहली बार, मार्च 2024 में स्मॉल-कैप स्कीम में निवेश कम हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 15 महीनों में लगातार हर महीने औसतन 3300 करोड़ रुपये के निवेश के बाद, मार्च में इन स्कीम से 94 करोड़ रुपये की कुल निकासी देखने को मिली। हालांकि इसके बावजूद भी इन स्कीमों में निवेश हो रहा है। सेबी द्वारा कराए गए 'स्ट्रेस टेस्ट' के नतीजे भी निवेशकों के सेंटीमेंट को प्रभावित कर रहे हैं। इन परीक्षणों में यह पता लगाया गया कि स्मॉल और मिड-कैप फंडों को अपने पोर्टफोलियो का कितना हिस्सा जल्दी बेचना पड़ सकता है। सेबी के आदेश के अनुसार, म्यूचुअल फंड कंपनियों को हर महीने 15 तारीख को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्कीम के लिए तरलता, अस्थिरता, मूल्यांकन और पोर्टफोलियो कारोबार से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक करना होता है।

### पिछले साल मचाई धूम

वर्ष 2023 में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों (मिड और स्मॉल-कैप) ने तो धूम मचा दी थी। निवेशकों ने इनमें 64,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का निवेश किया। लेकिन बाजार नियामक सेबी को ये चिंता सता रही थी कि क्या जरूरत पड़ने पर ये फंड आसानी से अपने शेयर बेच पाएंगे?

### लार्ज-कैप व ईटीएफ पर ध्यान

स्मॉल-कैप फंडों में निवेश कम होने के साथ ही बड़ी कंपनियों के शेयरों (लार्ज-कैप) वाले फंडों की तरफ निवेशकों का रुझान बढ़ रहा है। मार्च 2024 में लार्ज-कैप फंडों में 2,130 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जो पिछले 21 महीनों में सबसे ज्यादा है। गौर करने वाली बात यह है कि पहले हर महीने औसतन 115 करोड़ रुपये का निवेश बाहर निकलता था, जबकि अब इसके उल्टा हो गया है। दिलचस्प है कि मार्च 2024 में स्मॉल-कैप में जाने वाले निवेश का लगभग 70% अब लार्ज-कैप की ओर रुख कर गया है। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में भी निवेश बढ़ रहा है। मार्च 2024 में ईटीएफ में निवेश 10,500 करोड़ रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गया, जबकि इसके पहले औसतन हर महीने 2,500 करोड़ रुपये का ही निवेश होता था। कुल मिलाकर, निवेशकों की पसंद बदल रही है। वे अब छोटी और मझोली कंपनियों के फंडों के बजाय बड़ी कंपनियों और ईटीएफ जैसे विकल्पों को तरजीह दे रहे हैं।

### रिपोर्ट में यह भी दावा

रिपोर्ट में कहा गया है, म्यूचुअल फंड में कुल मिलाकर तो पैसा आ ही रहा है, लेकिन निवेशकों की पसंद बदल रही है। पहले जहां उनका रुझान छोटी और मझोली कंपनियों (स्मॉल और मिड-कैप) वाले फंडों की तरफ था, वहीं अब वो बड़ी कंपनियों (लार्ज-कैप) और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) जैसे विकल्पों को तरजीह दे रहे हैं। ये बदलाव फंड मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के लेवल पर भी दिख रहा है। कुछ एएमसी में स्मॉल और मिड-कैप फंडों से पैसा निकल रहा है, जबकि कुछ में बड़े पैमाने पर पैसा जमा हो रहा है।

### बदल रही पसंद

- रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव की एक वजह ये भी हो सकती है कि स्मॉल-कैप फंडों ने मिड-कैप फंडों के मुकाबले कम रिटर्न दिया है, जिससे निवेशक अब ज्यादा जोखिम नहीं लेना चाहते।
- अलग-अलग फंडों की बात करें तो लार्ज-कैप फंडों में पैसा जमा करने की रफ्तार पहले कम थी, लेकिन अब बढ़ रही है।
- मिड-कैप फंडों में ये रफ्तार स्थिर थी, लेकिन अब बदलने के संकेत मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात स्मॉल-कैप फंडों को लेकर है। फरवरी 2021 के बाद पहली बार इन फंडों में नए खाते खुलने की संख्या घटी है, जो निवेशकों की घटती दिलचस्पी को दर्शाता है।
- मार्च 2024 में नए लार्ज-कैप फंडों में जबरदस्त उछाल आया है। ये दिसंबर 2021 के बाद से सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। इसके उलट, पिछले दो महीनों में नए मिड-कैप फंडों में गिरावट देखी गई है, हालांकि ये कमी स्मॉल-कैप की तुलना में कम है।
- शायद निवेशक मिड-कैप में अभी भी संभावनाएं देख रहे हैं, लेकिन थोड़ा इंतजार करना चाहते हैं।

### यह भी गौर वाली बात

गौर करने वाली बात ये है कि स्मॉल-कैप फंड मैनेजर भी अपनी रणनीति बदल रहे हैं। मार्च में बिकवाली के दौरान उन्हें निवेश के लिए नकदी का इस्तेमाल करने का मौका मिला। साथ ही, वो लगातार लार्ज-कैप शेयरों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं, जो मार्च 2024 में अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 7.5% पर पहुंच गई है। ये कदम संकेत देते हैं कि स्मॉल-कैप फंड मैनेजर जोखिम कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# म्युचुअल फंड की कई स्कीमों ने दिया 40% से 71% मुनाफा

***रिटर्न देने में स्टॉक मार्केट को भी पीछे छोड़ा, एक साल में दिखे ऐसे कई लार्जकैप म्यूचुअल फंड, एसआईपी के जरिये निवेश कर हो सकते हैं मालामाल,लार्जकैप सेगमेंट में मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से टॉप 100 कंपनियां***

मुनाफा

बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2024 की बात करें तो बीते करीब 1 साल में ऐसे कई लार्जकैप म्यूचुअल फंड हैं, जिन्होंने रिटर्न देने के मामले में स्टॉक मार्केट को भी पीछे छोड़ दिया है। एक रिपोर्ट पर नजर डालें तो कम से कम 10 लार्जकैप फंड ऐसे दिख रहे हैं, जिनमें 1 साल के दौरान 40 फीसदी से 71 फीसदी तक रिटर्न मिला है। लार्ज-कैप फंड म्यूचुअल फंड की वह कैटेगरी है, जो लार्ज कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। लार्जकैप म्यूचुअल फंड अलग अलग लार्जकैप स्टॉक के जरिए आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड कर देते हैं। लार्जकैप सेगमेंट में आमतौर पर मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से टॉप 100 कंपनियां शामिल हैं। इनमें आरआईएल, टीसीएस, एचयूएल, एसबीआई, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयर मुख्यतः शामिल होते हैं।

## एक सुरक्षित विकल्प

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। वहीं, इन स्कीम में रिटर्न भी हाई है। कई स्कीम तो स्टॉक मार्केट की तरह ही रिटर्न दे रही हैं। इसी के चलते म्यूचुअल फंड निवेश का पॉपुलर विकल्प बन गया है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इक्विटी सेगमेंट में भी लार्जकैप म्यूचुअल फंड ज्यादा सुरक्षित माने जाते हैं। असल में लार्जकैप स्टॉक्स में बाजार का उतार चढ़ाव का अच्छे से सामना करने की क्षमता होती है। इसलिए अक्सर निवेशकों में लार्ज कैप में निवेश करने की ललक दिखाई देती है, जो इन फंडों निवेश के लिए काफी सुगम बनाती है और निवेशकों को ये स्कमी ज्यादा आकर्षित करती है। क्योंकि लार्ज कैप फंड में निवेश काफी कम रिस्की होता है और बढ़िया रिटर्न भी मिलता है।




## किसे करना चाहिए निवेश

अगर आप बाजार के उतार चढ़ाव को पसंद नहीं करते या ज्यादा रिस्क लेने की क्षमता नहीं है, फिर भी इक्विटी की तरह ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो लार्ज-कैप फंड आपके लिए परफेक्ट विकल्प है। हालांकि ऐसा नहीं है कि लार्ज-कैप में रिस्क नहीं है या बाजार के वोलैटिलिटी का असर नहीं होता, लेकिन इनमें अस्थिरता मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में कम होती है। ये मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में बाजार की अस्थिरता से मजबूती से निपट सकते हैं। असल में लार्जकैप फंड में अलग अलग सेक्टर की अलग अलग ब्लूचिप कंपनियों के स्टॉक होते हैं। इन ब्लूचिप का मार्केट कैप ज्यादा होता है और इनका बेस भी मजबूत होता है। ऐसी कंपनियां कैश रिच होती हैं।

## इन्होंने किया कमाल

- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफः 71%
- जेएम लार्जकैपः 48%
- निप्पॉन इंडिया लार्जकैप फंडः 47%
- डीएसपी निफ्टी 50 इक्वल वेट इंडेक्सः 45%
- आईसीआईसीआई प्रू ब्लूचिप फंडः 44%
- बड़ौदा बीएनपी परिबा लार्जकैपः 43%
- इन्वेस्को इंडिया लार्जकैपः 43%
- एचडीएफसी टॉप 100ः 41%
- बंधन लार्जकैप फंडः 41%
- मिरे एसेट इक्विटी अलोकेटर एफओएफ : 40%

## क्या हैं लार्ज कैप फंड

लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड इक्विटी फंड होते हैं जो मुख्य रूप से लार्ज-कैप कंपनी स्टॉक में निवेश करते हैं। ये वे प्रतिष्ठित कंपनियां हैं, जिनका संपत्ति बनाने का बेहतरीन रिकॉर्ड है। चूंकि इन कंपनियों की स्थापना पहले ही की जा चुकी है, इसलिए वे मिड और स्मॉल-कैप फंड स्कीम की अपेक्षा कम जोखिम लेकर स्थिर आय जनरेट करते हैं। कम जोखिम और लॉन्ग-टर्म निवेश होरिज़ोन पसंद करने वाले निवेशकों को लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड के बारे में जानना चाहिए। ये योजनाएं रिलायंस, टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और अन्य जैसी शीर्ष कंपनियों में पूंजी का एक महत्वपूर्ण भाग (लगभग 80 प्रतिशत) निवेश करती हैं। वे अपने विशिष्ट सेगमेंट में मार्केट लीडर हैं और वे मजबूत मार्केट लीडर हैं।

# डेट फंड को भी कम न आंकें, ये भी दे सकते हैं मोटा मुनाफा

**बढ़िया रिटर्न के लिए सिर्फ इक्विटी में पैसे न लगाए ■ डेट स्कीम को भी अपनाएं और निवेश का फायदा लें ■ निवेश की सही स्ट्रैटेजी क्या होनी चाहिए, रखें ध्यान ■ डेट फंड में एयूएम का 95 फीसदी से अधिक कॉर्पोरेट संस्थाओं से आता है ■ 90 फीसदी से अधिक इक्विटी एयूएम रिटेल और एचएनआई से आता है**




जानकारी

बिजनेस डेस्क

यदि आप भी निवेश की यात्रा शुरू करने जा रहे हैं तो थोड़ा सावधानी के साथ निवेश करें। निवेशक डेट म्यूचुअल फंड को कम न आंके, चूंकि ये फंड भी आपको मोटा मुनाफा करवा सकते हैं और आपके पैसे को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसलिए आपके पोर्टफोलियों में डेट फंड भी होने चाहिएं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अब तक ऐसा ट्रेंड देखने को मिलता आया है कि रिटेल निवेशक प्रमुख रूप से इक्विटी प्रोडक्ट में निवेश करते हैं, जबकि कॉर्पोरेट बड़े पैमाने पर डेट या फिक्स्ड इनकम वाले प्रोडक्ट में निवेश करते हैं। दिसंबर 2023 के एएमएफआई (एएमएफआई) आंकड़ों के अनुसार, डेट म्यूचुअल फंड में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 95 फीसदी से अधिक कॉर्पोरेट संस्थाओं से आता है, जबकि 90 फीसदी से अधिक इक्विटी एयूएम रिटेल और एचएनआई निवेशकों की ओर से आता है। तो क्या आप भी रिटेल निवेशक हैं और सिर्फ इक्विटी स्कीम पर फोकस कर रहे हैं। अगर कर रहे हैं तो क्या यह स्ट्रैटेजी सही है।

### निवेश की प्रक्रिया बेहद आसान

म्यूचुअल फंड में निवेश की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल और व्यवस्थित हो गई है। यहां तक कि लिक्विड फंड और ओवरनाइट फंड में 50,000 रुपये तक की निकासी कुछ ही सेकंड में की जा सकती है। सेविंग्स अकाउंट या लिक्विड और ओवरनाइट म्यूचुअल फंड के बीच रिटर्न के टैक्सेशन की दर में कोई अंतर नहीं है, क्योंकि दोनों मार्जिनल रेट पर टैक्सेबल हैं। ओवरनाइट फंड में भी कोई एक्जिट लोड नहीं होता है।

### रिटेल निवेशकों की डेट में भागीदारी कम

सबसे पहले, अगर आप ओवरआल एफडी वॉल्यूम पर विचार करते हैं तो यह म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से भी आगे निकल जाता है। इसके अलावा, अगर आप ईपीएफओ बैलेंस, पोस्ट ऑफिस की स्मॉल फाइनेंस स्कीम और इस तरह की अन्य विकल्पों को जोड़ते हैं तो यह साफ है कि रिटेल निवेशक फिक्स्ड इनकम वाले विकल्पों में निवेश करने पर ज्यादा विचार करते हैं। वहीं, रिटेल निवेशक वास्तव में डेट म्यूचुअल फंड में हिस्सा नहीं के बराबर लेते हैं। लिक्विड और ओवरनाइट फंड में रिटेल निवेश 55,000 करोड़ रुपये से भी कम है, जबकि इनकी तुलना में देश में करंट अकाउंट और सेविंग्स अकाउंट में 23 लाख करोड़ रुपये जमा हैं।

### क्यों हैं डेट को लेकर कम आकर्षण

डेट फंड में रिटेल निवेशकों के बीच कम आकर्षण की एक वजह इसे लेकर जानकारी की कमी है। कई वित्तीय सलाहकार भी इन प्रोडक्ट पर कम मार्जिन के चलते ध्यान नहीं देते हैं। वहीं दूसरी ओर, कन्जर्वेटिव निवेशकों के लिए बैंक ब्रॉन्च या रिलेशनशिप मैनेजर की व्यक्तिगत सुविधा बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि खासतौर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए, किसी बैंक ब्रॉन्च में जाकर ब्रॉन्च मैनेजर के साथ बातचीत करके निवेश की सलाह लेना आसान होता है।

### डेट फंड में कई फायदे

दूसरा, एक कैटेगरी के रूप में, डेट म्यूचुअल फंड निवेशकों को कई तरह के महत्वपूर्ण बेनेफिट प्रदान करते हैं, चाहे वे रिटेल निवेशक हों या कॉर्पोरेट। आज, रिटेल निवेशक आमतौर पर अपना पैसा सेविंग्स अकाउंट में रखते हैं, जिस पर सालाना 3-4 फीसदी के बीच में आय होती है। हालांकि, म्यूचुअल फंड निवेश के लिए कई तरह के विकल्प पेश करते हैं, जिनमें निवेशकों को बेहतर रिटर्न देने की क्षमता होती है। ये 6 से 6.5 फीसदी या इससे भी ज्यादा सालाना रिटर्न दे सकते हैं। तुरंत लिक्विडिटी के उद्देश्य के लिए ओवरनाइट फंड हैं। वहीं लिक्विड फंड ऐसी स्कीम है, जिसकी मैच्योरिटी 3 महीने की होती है। मनी मार्केट फंड हैं जो आपको 12 महीने के लिए पैसा निवेश करने में मदद करते हैं।

### कॉरपोरेट्स और ट्रेजरी

इन प्रोडक्ट का उपयोग कॉरपोरेट्स और ट्रेजरी द्वारा अपने सरप्लस फंड को निवेश करने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है। कॉरपोरेट ट्रेजरी शायद ही कभी अपना पैसा सेविंग्स अकाउंट में रखते हैं. ऐसे में सवाल है कि रिटेल निवेशकों को अपने पैसे पर बेहतर रिटर्न पाने के लिए इन फंडों का उपयोग क्यों नहीं करना चाहिए? साफतौर पर ऐसे कुछ कारण हैं, जिनकी वजह से आज यह आदर्श विकल्प बन गया है।

### चेक करें फायदा और नुकसान

बहुत से निवेशक ऐसे हैं जो अपना एक बड़ा फंड बैंक में लंबे समय तक सेविंग्स अकाउंट में रखते हैं। उस पर चाहे जो भी रिटर्न मिले, वह ध्यासन नहीं देते हैं। आप खुद इसका नुकसान चेक कर सकते हैं। जब आप अगली बार अपने बैंक खाते की डिटेल जांचें, तो देखें कि पिछले 12 महीनों में आपके पास हर महीने (अपने सभी खर्चों और ईएमआई का भुगतान करने के बाद) कितना अतिरिक्त पैसा था। फिर इस सरप्लस फंड को लिक्विड फंड में लगाने से आपको जो अतिरिक्त रिटर्न मिलता, उसे कैलकुलेट करें। एक एवरेज रिटर्न के रूप में, आप कैलकुलेशन के लिए 6.5 फीसदी का उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि लिक्विड फंड ने पिछले साल में करीब इतना रिटर्न दिया है। इसकी तुलना आपके बैंक द्वारा आपके बचत खाते पर दी जाने वाली ब्याज दर से करें। आप खुद दोनों के बीच अंतर को देखकर चौंक जाएंगे कि आप सरप्लस पैसा लिक्विड फंड में निवेश करते तो कितना अतिरिक्त पैसा कमा सकते थे। आरबीआई के अनुसार, दिसंबर 2023 तक, एक अनुमान के अनुसार, भारत में करंट अकाउंट और बचत खातों में लगभग 23 लाख करोड़ रुपये जमा हैं, यानी निवेशक हर साल लगभग 60,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रिटर्न क्षमता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# तीरंदाजी वर्ल्ड कप : ज्योति की स्वर्णिम हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड वर्ग में जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन किया। ज्योति ने शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाई। इससे कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरुआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिको की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं। पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह कारनामा किया था। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी।



## व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता सोना

### महिला टीम ने इटली को 236-225 से हराया

सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं। इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236-225 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला।



### अभिषेक, प्रियांश, प्रथमेश की शानदार जीत

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।

### रिकर्व वर्ग में पदक राउंड आज

रिकर्व वर्ग में पदक राउंड रविवार को होंगे और भारत की निगाहें ओलंपिक वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। भारतीय पुरुष टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी।



### प्रियांश ने जीता रजत पदक

युवा प्रियांश ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में रजत के रूप में अपना पहला विश्व कप पदक जीता। अपने दूसरे विश्व कप में 21 वर्षीय तीरंदाज ने 2021 के विश्व चैंपियन निको वीनर से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया। आस्ट्रिया के 27 साल के तीरंदाज ने 150 में से 150 अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया और प्रियांश को तीन अंक से हरा दिया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

## आईपीएल

कैपिटल्स की प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत

# मैकगुर्क ने 27 गेंद में ठोके 84 रन दिल्ली की मुंबई पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े। जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी।

पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवे स्थान पर है। दिल्ली को आस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। इससे पहले उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम पर ही 15 गेंद में अर्धशतक बनाया था। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए।





### तिलक की फिफ्टी

मुंबई से तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशान 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली से रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट लिए। 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

### आखिरी ओवर में नहीं बने 25 रन

*मुंबई इंडियंस को आखिरी ओवर में जीत के लिए 25 रन चाहिए थे। पहली बॉल पर तिलक वर्मा 2 रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। दूसरी बॉल पर 2 रन बने, तीसरी बॉल पर ल्यूक वुड ने छक्का लगा दिया। चौथी बॉल पर एक रन बना, पांचवीं बॉल पर पीयूष चावला ने चौका लगाया। आखिरी बॉल पर 11 रन चाहिए थे लेकिन चावला लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए।*

स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11 | 6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3 | 1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0 | 5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2 | 2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6 | 2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 06 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 257/4
गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4 | 0 |
| रोहित का होप बो खलील | 08 | 08 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3 | 2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4 | 4 |
| पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4 | 3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 04 | 02 | 1 | 0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2 | 3 |
| नबी का होप बो सलाम | 07 | 04 | 0 | 1 |
| चावला का होप बो मुकेश | 10 | 04 | 1 | 1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 09 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 20 ओवर में 247/9
गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3




## सैमसन व जुरेल के अर्धशतकों से राजस्थान ने एलएसजी को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान संजू सैमसन (नाबाद 71) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 52) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 गेंद में 121 रन की अटूट साझेदारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को एक ओवर रहते सात विकेट से शिकस्त दी। तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान की यह नौ मैचों में आठवीं जीत है और टीम प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंच गयी है। लखनऊ की यह नौ मैचों में चौथी हार है, टीम 10 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। लोकेश और हुड्डा के अर्धशतकों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी से एलएसजी ने पांच विकेट पर 196 रन बनाये। राजस्थान ने छह गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मैच जीत लिया। सैमसन ने 33 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और चार छक्के जड़े जबकि जुरेल ने 34 गेंद नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। एलएसजी के लिए स्टोइनिस, अमित मिश्रा और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिये। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाये तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाये।

## खबर संक्षेप



### बल्लेबाजों से निपटने तरीके इजाद करें गेंदबाज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच रेयान टेन डोशचेट का मानना है कि मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में विस्फोटक बल्लेबाजों को चुनौती देने के लिए गेंदबाजों को नए तरीके इजाद की जरूरत है। डोशचेट ने कहा, '10 साल पहले की तुलना की जाए तो यह खेल पूरी तरह से बदल गया है। आपको बल्लेबाजों को 'ऑफ गार्ड' करने की जरूरत होगी जैसा कि सैम करन ने फिल साल्ट को आउट करके किया। गेंदबाजों को नए तरीके इजाद करने होंगे।

### वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेने की योजना

**सिलहट।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने कहा कि रविवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के लिए वे पिछले साल मेहमान टीम के खिलाफ वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेना चाहेंगे। बांग्लादेश की महिला टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके सभी मैच यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।



### पंत विश्व कप के लिए एकमात्र विकेटकीपर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है जबकि वह बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं। जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीगमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पाकिस्तान अगले साल करेगा न्यूजीलैंड का दौरा

*लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि उसकी राष्ट्रीय टीम अगले साल तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। यह 2023 के बाद से दोनों देशों के बीच छठी श्रृंखला होगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकार स्कॉट वेनिंक के बीच लाहौर में चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के मौके पर हुई बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया। बैठक के दौरान सैद्धांतिक रूप से यह दौरा 2025 चैम्पियंस ट्राफी के बाद आयोजित करने का फैसला किया गया।*

## उबेर कप : चालिहा ने किया उलटफेर भारत ने कनाडा को 4-1 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| चेंगडू

अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की।

रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24, 24-22 से मात दी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की।



### आदर्श और मानसी बने दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला चैम्पियन बने। कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे। दक्षिण एशियाई महिला जूनियर वर्ग में दुर्विशा पवार (01:11:55) और प्रेरणा श्रवण कुमार (01:14:57) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं।

**Piccadily Agro Industries Limited**
CIN: L01115HR19994PLC032244
Regd Office : Village Bhadson Uhri. Indri Road, Tehsi indri Distt. Karnal Karnal, Haryana • 132117 • Email Id : piccadilygroup34@rediffmail.com

Notice is hereby given that following share certificates issued by the company are stated to be Lost/misplaced and the registered holders there of have applied to the company for issue of duplicate share certificates.

| Folio No. | Name of the share holder | Share Certificate No. | Distinctiver No. From | Distinctiver No. To | No. of shares |
|---|---|---|---|---|---|
| 0004524 | Anu Gandhi | 79358 to 79361 | 17829021 | 17829420 | 400 |
| 0004524 | Anu Gandhi | 151256 | 24947071 | 24947470 | 400 |
| 0004524 | Anu Gandhi | 157964 | 49177641 | 49178440 | 800 |

the public is hereby warned against purchasing or dealing in any way with the above share certificates. Any person(s) who has/have any claim(s) with the company in respect of the said share(s) Certificates, should lodge such claim at its Registered office at the address given above within 15 days of the publication of this notice after which no claim will be entertained and the company will proceed with issuance of duplicate share certificates.

Date : 28/04/2024
Place : Delhi

For Piccadlly Agro Industries Limited
Sd/-
Company Secretary

**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड)/RAILWAY BOARD

सं. 2018/ट्रैक-I (पी)/आरएसपी-ईयूआर/वॉल.-I दिनांकः 26.04.2024

शुद्धिपत्र सं. 1

विषयः लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई-निविदा सं. टीकेपी-1-2024 के लिए जारी शुद्धिपत्र सं. 1 का प्रकाशन।

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1265/24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वांशिग लाइन नंबर 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 1,20,25,793.71 |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 2,10,100/- |
| 4. | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.05.2024 (10:30 बजे) से 22.05.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5. | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई- निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.05.2024(15:00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 15-क.वि.- नई दिल्ली - 2024-25 दिनांकः 26.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1262/24

### सीएसके आठ मैच में चार जीत चार हार से तालिका में 5वें स्थान पर

# हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी चेन्नई

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लगातार हार का सामना करने वाली गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं।



### सीएसके वापसी के लिए बेताब

*सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाए तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।*

### आरसीबी के खिलाफ टाइटन्स की निगाहें सुधार करने पर

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं। गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **अज्ञात**, निवास और परिवार **अज्ञात** है, जो दिनांक **02.04.2024** को **डीएन लाईन एफओबी प्रेम नगर के पास, दिल्ली कैंट** में मृत पड़ा मिला। इस संदर्भ में एक डीडी नं. **1-ए, दिनांक 02.04.2024 को रात्रि 02:05 बजे थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए डीडीयू अस्पताल के मुर्दाघर में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** लगभग 20-22 वर्ष, **कदः** 5' 5" फीट, **रंगः** सांवला, **चेहराः** लम्बार, **शरीरः** पतला, **चोट के निशानः** सिर और दोनों हाथ कटे हुए, **पहनावाः** काले और सफेद रंग की चेकदार शर्ट और नीले रंग का जींस पैंट।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करेंः-

थाना प्रभारी
थानाः दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 011-25694444
मो.: 7065036229

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/3951/Rly/2024

# उत्तराखंड में 4 दिन से धधक रहे जंगल, 11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित



देहरादून। गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले 4 दिनों से लगी आग शुक्रवार को खतरनाक हो गई। लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गईं। अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है।

### नैनीताल के जंगल की आग आईएएफ स्टेशन के पास पहुंची

हलद्वानी जिले के नैनीताल में लगी आग अब वायुसेना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। आग के तेजी से फैलाव को देखते हुए वन विभाग की मदद के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और भारतीय सेना को बुलाया गया है। आग बुझाने के काम में हेलीकॉप्टरों को लगाया है, स्थिति पर काबू पाने का प्रयास 36 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। इस दौरान कई हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका है।

### सीएम धामी बोले- जंगल की आग एक चुनौती

नैनीताल में लगी आग को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, जंगल की आग हमारे लिए एक चुनौती है। ये बहुत बड़ी आग है। हमने सेना से मदद मांगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए कदम उठाए हैं। मैं आज हलद्वानी में एक बैठक करने जा रहा हूं। हमने इस संबंध में देहरादून में भी एक बैठक की है। आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।



**आर्मी एरिया के करीब पहुंची आग, सेना अलर्ट**

**गढ़वाल और कुमाऊ मंडल में आग का असर सबसे ज्यादा**

**आग बुझाने के लिए एमआई-17 हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल**

**मुख्यमंत्री ने बुलाई हाईलेवल बैठक**

**नैनी झील में नौकायन गतिविधियों पर रोक**



### आग से नुकसान और असर

- 720 हेक्टेयर जंगल को नुकसान, यह आंकड़ा और बढ़ेगा
- कुमाऊं मंडल सबसे ज्यादा प्रभावित
- दो लोग घायल, 15 करोड़ रुपए का नुकसान
- जानवर रिहायशी इलाकों में भाग रहे
- धुएं से लोगों को सांस लेने में परेशानी

### 26 घटनाएं कुमाऊं क्षेत्र में

- 5 घटनाएं गढ़वाल क्षेत्र में
- 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित
- 3700 कर्मचारियों को आग बुझाने लगाया

## कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक

# भारत के रक्षा सचिव ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान


*कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया।*

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 26 अप्रैल को कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति ज़ीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के उपरांत संयुक्त बयान में एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।





- *'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार पर सभी ने दी सहमति*
- *अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता*
- *सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए*
- *हिंद-प्रशांत के लिए सुरक्षा और विकास की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला*


### सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा दें

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने आतंकवाद की सभी अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता पर जोर दिया और इसे एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त के रूप में मान्यता दी। समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य न केवल एससीओ ढांचे के भीतर बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक परिदृश्य में सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा देना है। यह वार्षिक बैठक 25-26 अप्रैल तक अस्ताना में आयोजित की गई थी।

### भारत के प्रस्ताव का किया गया उल्लेख

उल्लेखनीय है कि रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने हिंद-प्रशांत के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर-एसएजीएआर)' की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

### कंबोज बोलीं- डिजिटल ढांचे से भारत में 80% लोगों तक पहुंची वित्तीय सुविधाएं



**न्यूयॉर्क।** डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने 6 वर्षों में 80% लोगों तक वित्तीय सुविधाएं पहुंचाई हैं। ऐसे डिजिटल बुनियादी ढांचे के बिना इस उपलब्धि में दशकों लगते। सुरक्षा परिषद में उन्होंने कहा कि भारत की यात्रा डिजिटल परिवर्तनों की शुरुआत करने वाले अन्य देशों को एक सबक प्रदान करती है। कंबोज ने कहा कि हम आज यहां भारत में अरबों लोगों के सशक्तिकरण का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।

## श्रीलंका में चीन ने बनाया एयरपोर्ट, अब भारत के पास

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका में भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंदिता लगातार जारी है। दोनों ही देश एक-दूसरे के हाथ से प्रोजेक्ट छीनने की फिराक में लगे रहते हैं, क्योंकि श्रीलंका में जिसके हाथों में ज्यादा प्रोजेक्ट रहेगा, हिंद महासागर में उसके पास उतनी ज्यादा बढ़त हासिल होगी। श्रीलंका में जिस मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को चीन ने 209 मिलियन डॉलर की लागत से बनवाया था, उस एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को अगले 30 सालों के लिए मिला गया है। सरकार के इस फैसले ने ड्रैगन के पैरों तले जमीन छीन ली है। श्रीलंकन कैबिनेट ने कहा कि सरकार ने मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का मैनेजमेंट भारत को सौंपने को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद श्रीलंका सरकार की अपने सरकारी उद्यमों से घाटे को कम करने की कोशिश है।




### राजपक्षे ने अपने गृहनगर में बनवाया एयरपोर्ट

एयरपोर्ट के निर्माण पर सवाल उठे और कई एक्सपर्ट ने कहा कि इस एयरपोर्ट से चीन ने श्रीलंका को एक और कर्ज के जाल में फंसाया है। राजपक्षे परिवार ने ये हवाई अड्डा अपने गृह नगर में बनवाया है, जहां जरूरत ही नहीं थी। हवाईअड्डे का प्रबंधन भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स लिमि. और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 साल के लिए सौंपा जाएगा।






## हूती विद्रोहियों ने फिर भारत आ रहे जहाज पर किया हमला

एजेंसी ▶▶ लंदन

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से भारत आ रहे जहाज पर मिसाइल से हमला किया। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है। जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस जहाज को बीते दिनों बेच दिया गया था और अब सेशेल्स की कंपनी के पास इस जहाज का स्वामित्व है। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह ऑयल टैंकर है और रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार आ रहा था।



### असम राइफल्स और पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक गिरफ्तार

# छापा: साबुन के डिब्बों में रखी मिली 8.4 करोड़ की हेरोइन

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम की राजधानी आइजोल में म्यांमार के रहने वाले 49 साल के एक शख्स को स्मगलिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। शख्स के कब्जे से 8.4 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की गई है। असम राइफल्स ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस की एक संयुक्त टीम ने गुरुवार को आइजोल के तुइकुआल उत्तरी इलाके में छापेमारी की और म्यांमार के तमू शहर के निवासी वनबियाख्विंग से 1.2 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।



### 110 साबुन के डिब्बों में छिपाया था मादक पदार्थ

*8.4 करोड़ रुपए मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ 110 साबुन के डिब्बों में छुपाया गया था। बता दें कि मिजोरम में लगातार मादक पदार्थों की धरपकड़ होती रही है। कुछ दिन पहले ही मिजोरम के चंपई जिले में 30.10 लाख रुपए की हेरोइन जब्त की गई थी। असम राइफल्स ने राज्य पुलिस के सहयोग से भारत-म्यांमार सीमा के निकट जोटे गांव में एक ऑपरेशन चलाया था।*

### कद्दू में भी छिपाकर लाए

*असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फ़िरजावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों- अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया। 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी।*

### इलाके में लगातार पकड़े जा रहे तस्कर

असम राइफल्स ने अपने बयान में बताया कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी इसे म्यांमार से तस्करी कर लाया था। बता दें इससे पहले भी आइजोल में 325.3 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी, जिसकी कीमत 2.27 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही 3 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। असम राइफल्स ने बताया था कि 13 अप्रैल को एक अन्य अभियान में लॉन्ग्तलाई जिले के वासेकी थाना क्षेत्र के पारवा गांव में 20 गोली वाली एक मैगजीन जब्त की गई।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109